81	डॉ. अशोक आनंद डी. वी.
82	डॉ. नैन्सी एस. पिल्लई
83	डॉ. सुनील कुमार
84	डॉ. संजय कुमार छावड़ा
85	डॉ. संगीता धांगर
86	डॉ. योगेश मनोहरराव देशमुख
87	डॉ. विक्रमन सेनीश कुमार
88	डॉ. कपिल सोनी
89	डॉ. अंजलि महिंद्रु
90	डॉ. घनशाम
91	डॉ. लिज़ा थॉमस
92	डॉ. उपवन कुमार

93	डॉ. बिन्दू आर.
94	डॉ. राठवा वनराजकुमार पहाड़सिंह
95	डॉ. मिथुन सी. मोहन
96	डॉ. हरिवेंकटेश एन.
97	डॉ. एस. साहिर
98	डॉ. टोपले स्वप्निल सुधाकर
99	डॉ. शशिधर बी. के.
100	डॉ. शैलेन्द्र सिंह
101	डॉ. गीतिका श्रीवास्तव
102	डॉ. थोरवे स्मिता मानाजी
103	डॉ. नरखेड़े प्रवीण सखाराम
104	डॉ. वाल्सा डायना जी.
105	डॉ. त्रिवेणी जी.एस.
106	डॉ. बोर्स विवेक
107	डॉ. वलसला एल.
108	डॉ. देवी कृष्णा आर.
109	डॉ. सीनु ए. नायर
110	डॉ. दोषी भाविन जयंत
111	डॉ. साहजी आकाश अरविंद
112	डॉ. साराधिया साकेत प्रवीणकुमार
113	डॉ. पोपट रोहन भूपेंद्र
114	डॉ. कुमार राजेश विजय
115	डॉ. नेहा सिंह
116	डॉ. लिजिया पुष्पण
117	डॉ. दिलीप कुंचेरिया
118	डॉ. धमनगाँवकर अनूप सी.
119	डॉ. वाघ सिद्धेश

120	डॉ. के. श्रीनिवास
121	डॉ. चुग विशाल सुरेंद्रकुमार
122	डॉ. कविन खत्री
123	डॉ. सीता रमेश
124	डॉ. अजीतकुमार एम. के.
125	डॉ. प्रांजल सरकार
126	डॉ. रामेसन के.
127	डॉ. स्वपनदीप सिंह अटवाल
128	डॉ. सौरभि दास
129	डॉ. नागेंद्रन एन.
130	डॉ. असगर अब्बास
131	डॉ. देसाले दिनेश उत्तमराव
132	डॉ. मनसुखानी समीर अजित
133	डॉ. वंदना गोयल
134	डॉ. टुटेजा तन्वी विजय
135	डॉ. चेतन गिरोटी
136	डॉ. राजेश कुमार सिंह
137	डॉ. मोरे विवेक मछिंद्र
138	डॉ. संध्या एस.
139	डॉ. बालाजी एस.
140	डॉ. संदीप गुप्ता
141	डॉ. पोफले आनंद अशोक
142	डॉ. खान तबस्सुम शफीउद्दीन
143	डॉ. कुमार अनुभव सुधीर
144	डॉ. सूर्यवंशी सत्यजीत नारायण
145	डॉ. सिद्धार्थ शर्मा
146	डॉ. परीक्षा गुप्ता
147	डॉ. चिलुकुरी वेंकट नरसिंह मूर्ति

148	डॉ. फराह नाज फातिमा जलील
149	डॉ. बशारत नदीम
150	डॉ. मनोज कुमार शॉ
151	डॉ. जयचंद्रन एम. जी.
152	डॉ. हीरक पहाड़ी
153	डॉ. तुंगारे प्राजक्ता राजीव
154	डॉ. अजीतकुमार सी. एस.
155	डॉ. के. वरुण कृष्णा
156	डॉ. अतुल श्रीवास्तव
157	डॉ. मोनिका सिंह
158	डॉ. पुराणिक रेशमा नितिन
159	डॉ. नाइक योगेश भानुदास
160	डॉ. देवी जनसिरानी डी.
161	डॉ. अजय हलदर
162	डॉ. श्रीगणेश रावतमल बरनेला
163	डा रंगा राम चौधरी
164	डॉ. एलिनांबी एस.
165	डॉ. अनुराग मिश्रा
166	डॉ. देवयानी गौतम
167	डॉ. विनय के.
168	डॉ. जयव्रत घोष
169	डॉ. रमाकांत दीक्षित
170	डॉ. जैन शिवानी अशोक
171	डॉ. अनिनदंसु बसु
172	डॉ. डिसूजा सिरिल जॉन
173	डॉ. त्रिवेदी अमित दिनेशभाई
174	डॉ. सुनील व्यास
175	डॉ. शाजिया शफी

176	डॉ. वेंकटेश सी.
177	डॉ. राधारानी दत्त चौधरी
178	डॉ. उज़मा सादिया
179	डॉ. मोहम्मद रफी पी.
180	डॉ. सइदुद्दीन कुतबे
181	डॉ. जी. उमापति चौधरी
182	डॉ. मार्गज विश्राबद्ध चंद्रकांत
183	डॉ. रामचंद्र एन. बादामी
184	डॉ. सिंह विक्रम सत्येंद्र
185	डॉ. दीप्ति जॉय
186	डॉ. यासिर पी. टी.
187	डॉ. संदीप कटियार
188	डॉ. उमर कादिर बचा
189	डॉ. अशोक कुमार सिंह
190	डॉ. गांधी दर्शन हरीशकुमार
191	डॉ. सुनीलकुमार अत्तर सिंह
192	डॉ. के. रुक्मिणी मृदुला
193	डॉ. अंशुल ढिल्लों
194	डॉ. जैन दर्शन घेवरचंद
195	डॉ. रविराजा ए.
196	डॉ. पंकज पंवार
197	डॉ. वैभव कुमार वार्ष्णेय
198	डॉ. मृणाल पाहवा
199	डॉ. वांगचुक त्सेरिंग
200	डॉ. गोदावर्ती पुरुषोत्तम
201	डॉ. देवेंद्र लखोटिया
202	डॉ. कीर्तना कुनिकुल्लाया यू.
203	डॉ. विनीश नारंग

204	डॉ. जे. सतीश कृष्णा
205	डॉ. शॉ सुभाष चंद्र
206	डॉ. अभिषेक के. फड़के
207	डॉ. येलामाली अरुण
208	डॉ. टीना स्लीबा
209	डॉ. मौर्य उदयभान हरिशंकर
210	डॉ. बिलाल अहमद बाबा
211	डॉ. छाबड़िया मनीष अमरलाल
212	डॉ. सीमा माहेश्वरी
213	डॉ. संध्या वी. के.
214	डॉ. लोहार योगेश सुरेश
215	डॉ. मोहनदास नायर के.
216	डॉ. शंकर कुमार चटर्जी
217	डॉ. दीप्ति कृष्णन
218	डॉ. सैफ कैसर
219	डॉ. दुर्गाप्रसाद हेगड़े एस.
220	डॉ. हीरा बानो मोहम्मद
221	डॉ. दारवड़े अभिनव भास्कर
222	डॉ. रितु अग्रवाल
223	डॉ. मोहित गर्ग
224	डॉ. गौरी अग्रवाल
225	डॉ. रजत गुप्ता
226	डॉ. योगानंद महादेव दाड़गे
227	डॉ. बॉबी कृष्णा
228	डॉ. धर संजय कुमार
229	डॉ. अजय कुमार
230	डॉ. मेहराज दीन तांत्रे
231	डॉ. अनीश कीपानास्सेरित

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

232	डॉ. कौशिक नंदी
233	डॉ. अमित कुमार
234	डॉ. प्रतीक गर्ग
235	डॉ. गौरव रस्तोगी
236	डॉ. अभिजीत पुंडीकराव फड़के
237	डॉ. सिंह गीतांजलि अमर सिंह
238	डॉ. यादव राहुल नरेंद्र सिंह
239	डॉ. ससुरकर वैभव अरविंद
240	डॉ. कौशिक जे.
241	डॉ. सुनील कुमार
242	डॉ. निशांत दीक्षित
243	डॉ. गोपी मनोहर
244	डॉ. विपिन गुप्ता
245	डॉ. सुहैब रहमान ए.
246	डॉ. डागा सचिन वलचंदजी
247	डॉ. निवेदिता आरती जी.
248	डॉ. निरंजनन एम. राघवन
249	डॉ. सिमी आर.
250	डॉ. अंकुर सचदेवा
251	डॉ. अमित कुमार गुप्ता

252	डॉ. रितु गुप्ता
253	डॉ. सेलमोकर अमरनाथ रमेश
254	डॉ. एकता मलिक
255	डॉ. घ्यार प्रफुल्ल प्रकाश
256	डॉ. वीरेंद्र कुमार
257	डॉ. ममता सिंहरोहा
258	डॉ. पंकज कुमार
259	डॉ. कोटेचा मुंडे भूमिका राजेश
260	डॉ. श्वेता अग्रवाल
261	डॉ. भाड रोशन मोहनपंत
262	डॉ. संदीप शाइना
263	डॉ. पायल मित्तल
264	डॉ. कुमार गोपाल वी.
265	डॉ. मोहनदास सुनील
266	डॉ. मदश्री दीप्ति सुकुमार
267	डॉ. अजयकुमार एस.
268	डॉ. अंजनी कुमार कुंडल
269	डॉ. एस. गोकुलकृष्णन
270	डॉ. आरिफ टी.ए.
271	डॉ. निषाद पी.के.

दिनांक 4 अक्टूबर, 2014 को आयोजित परिषद की बैठक में अनुमोदित नाम

1	डॉ. निकुंभ स्मृति सुभाष
2	डॉ. ऋषिकेश इंडालचंद नाइक
3	डॉ. पुष्कर बंसल
4	डॉ. निकुंज अग्रवाल
5	डॉ. जमील मंजूर

6	डॉ. निधि रे
7	डॉ. संगीता दासन कोरंबिल
8	डॉ. अभिषेक बंसल
9	डॉ. चेतना टी.
10	डॉ. द्योरे सचिन कौटिकराव

11	डॉ. प्रशांत
12	डॉ. एजाज मजीद वानी
13	डॉ. मेल्विन जे. जार्ज
14	डॉ. रोमित सक्सेना
15	डॉ. अग्रवाल दीपेश जी.
16	डॉ. समर्थ मित्तल
17	डॉ. अर्शाभ घानेकर
18	डॉ. अजीतकुमार एम. एन.
19	डॉ. शादाब अंसारी
20	डॉ. नैया बंसल
21	डॉ. सुब्रत सिंह
22	डॉ. शेख शबाना महमूद
23	डॉ. मुजावर रियाज उमर
24	डॉ. जिनी कोट्टुवाला नारायणन
25	डॉ. पाटिल योगेश सुधाकर
26	डॉ. बहुरूपी गोपाल दिलीपपंत
27	डॉ. नेहा चतुर्वेदी
28	डॉ. व्यावहारे सारंग पुरुषोत्तम
29	डॉ. हवल मंदार नंदकुमार
30	डॉ. अविषेक रे घटक
31	डॉ. वर्षा तिवारी
32	डॉ. श्रीविद्या ए.
33	डॉ. मिश्रा संजय राजेंद्र
34	डॉ. अविषेक भद्रा
35	डॉ. गणपुले अभिजीत प्रकाश
36	डॉ. सौम्या पाइक

37	डॉ. निथिल ई. जी. पॉल
38	डॉ. अनीश पी. अजीज
39	डॉ. सानुदेव सदानंदन वी.पी.
40	डॉ. प्रीति गुप्ता
41	डॉ. घोंसीकर विष्णुकांत वंकट
42	डॉ. लता ई.
43	डॉ. गुजराती अंकित नंदकुमार
44	डॉ. मोहम्मद मीसाम रिजवी
45	डॉ. राजेश्वरी आर.
46	डॉ. पवार सोना रमेश
47	डॉ. भालसिंह संदीप सुरेशराव
48	डॉ. राहुल दीक्षित
49	डॉ. शुभ्रा वालिया
50	डॉ. अक्षत मलिक
51	डॉ. अंसारी इमरान सरदार अहमद
52	डॉ. जॉनसन चेरियन
53	डॉ. देवराजू श्री भूषण राजू
54	डॉ. ई. इबेनेजर
55	डॉ. शालू बगेजा
56	डॉ. शाह पलककुमार राजेंद्रभाई
57	डॉ. नारेदी निकिता सुरेश
58	डॉ. अग्रवाल अमित राजेंद्र
59	डॉ. पंकज गुप्ता
60	डॉ. सरोदे वरुण विजयकुमार
61	डॉ. बखड़ा धवल नवीनचंद्र
62	डॉ. अभिषेक सिंह

63	डॉ. सचिन सिंह
64	डॉ. कुलश्रेष्ठ कार्तिक
65	डॉ. सुखबीर सिंह
66	डॉ. आलोक प्रसाद
67	डॉ. बोरकर सचिन अनिल
68	डॉ. अंकित शर्मा
69	डॉ. सिद्धार्थ सामल
70	डॉ. गौरव कुमार
71	डॉ. प्रियता गुप्ता

अकादमी की सूची में अध्येता/सदस्य

	मानद अध्येता	अध्येता एफएएमएस	सदस्य एमएएमएस	सदस्य एमएनएएमएस
दिनांक 31.03.2014 की यथास्थिति	3	844	1727	4040
दिवंगत (2014-2015 की अवधि के दौरान)	-	(-) 7	(-) 1	-
वर्ष 2014 में निर्वाचित	-	(+) 29*	(+) 59	-
वर्ष 2014 में सदस्यगण जिन्होंने अध्येतावृत्ति प्राप्त की	-	-	(-) 13	-
वर्ष 2014 में डीएनबी परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के बाद विनियमन-V द्वारा प्रवेश दिए गए सदस्य	-	-	-	342
दिनांक 31.03.2015 की यथास्थिति रोल पर	**3**	**866**	**1772**	**4382**

* इसमें अध्येतावृत्ति को प्रोन्नत 13 सदस्य सम्मिलित हैं।

चिकित्सा वैज्ञानिकों का व्याख्यान तथा पुरस्कार के लिए नामांकन-2014-15

व्याख्यान तथा पुरस्कार समिति की सिफारिशों के आधार पर परिषद् ने वर्ष 2014-15 के लिए निम्नलिखित वैज्ञानिकों को व्याख्यान तथा पुरस्कार प्रदान करना अनुमोदित कियाः

व्याख्यान	
डॉ. आर.वी. राजम व्याख्यान	डॉ. टी. राजकुमार, एफएएमएस आचार्य और विभागाध्यक्ष, आणविक अर्बुद विज्ञान विभाग, कैंसर संस्थान (डब्लयूआईए) अडयार, चेन्नई-600020।
व्याख्यान का शीर्षक	गर्भाशय ग्रीवा कैंसर - बेंच से बेडसाइड तक
डॉ. अचंता लक्ष्मीपति व्याख्यान	डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव, एफएएमएस आचार्य, विकिरण-निदान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029।
व्याख्यान का शीर्षक	पेशीयकंकाल घावों में त्वचापेशी नैनो संवहनी विकिरणविज्ञान हस्तक्षेपीय उपचार की भूमिका
डॉ. कर्नल संघम लाल स्मारक व्याख्यान	डॉ. संदीप कुमार आचार्य, शल्य चिकित्सा, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, साकेत नगर, भोपाल-462020।
व्याख्यान का शीर्षक	सुदम्य स्तन विकारों की आधुनिक अवधारणा अंतःस्त्राविकीविज्ञान पृष्ठभूमि और उपचार

जनरल अमीर चंद व्याख्यान	डॉ. राकेश कुमार चड्ढा, एफएएमएस आचार्य, मनोरोग विज्ञान विभाग अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029।
व्याख्यान का शीर्षक	मानसिक विकारों का वैश्विक बोझ: चुनौती का सामना

डॉ. वी.आर. खानोल्कर व्याख्यान	डॉ. ललित कुमार, एफएएमएस आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, चिकित्सा अर्बुद विज्ञान विभाग, डॉ बी.आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली - 110029।
व्याख्यान का शीर्षक	"एकाधिक मायलोमाः लक्षित चिकित्सा से ऑटोलॉगस स्टेम कोशिका प्रत्यारोपण की ओर

डॉ. के.एल. विग व्याख्यान	डॉ. राजू सिंह चीना, एफएएमएस शैक्षिक संकायाध्यक्ष, जठरांत्र विज्ञान आचार्य, दयानंद मेडिकल कालेज टैगोर नगर, सिविल लाइंस, लुधियाना।
व्याख्यान का शीर्षक	भारत में चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण में नवाचार

डॉ. प्राण नाथ छुट्टानी व्याख्यान	डॉ. मिलिंद मधुकर गोर वैज्ञानिक जी एवं प्रभारी अधिकारी राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, गोरखपुर यूनिट, बीआरडी मेडिकल कॉलेज कैम्पस, गोरखपुर-273013।
व्याख्यान का शीर्षक	जापानी मस्तिष्कशोथ वायरस: प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की अद्वितीयता, टीका विकास और भविष्य की चुनौतियाँ

डॉ. बी.के. आनंद व्याख्यान	डॉ. प्रह्लाद किशोर सेठ, एफएएमएस मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बायोटेक पार्क, सैक्टर जी, जानकीपुरम, कुर्सी मार्ग, लखनऊ-226021।
व्याख्यान का शीर्षक	चुनिंदा तंत्रिका विकारों के लिए मानव प्लेटलेट्स और लिम्फोसाइट्स में जैवमार्कर के रूप में एंजाइम और न्यूरोट्रांसमीटर

डॉ. बलदेव सिंह व्याख्यान	डॉ. गगनदीप सिंह, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, तंत्रिका विज्ञान विभाग, दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लुधियाना-141001 (पंजाब)।
व्याख्यान का शीर्षक	न्यूरोसिस्टीसरकॉसिसः स्वतंत्रता पूर्व से आधुनिक भारत तक की यात्रा

डॉ. एस. जानकी स्मारक व्याख्यान	डॉ. राज कुमार, एफएएमएस निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश, वीरभद्र रोड, ऋषिकेश, उत्तराखंड-249203।
व्याख्यान का शीर्षक	बालरोग जनसंख्या में हड्डीदार कपालकशेरुकी जंक्शन विसंगतियों (एटलांटोज़ियल विस्थापन) के कारण उच्च गर्भाशय ग्रीवा मेरुरज्जुविकृति - नैदानिक स्कोरिंग प्रणाली

पुरस्कार

डॉ. एस. एस. मिश्रा स्मारक पुरस्कार	डॉ. रेणु गुप्ता, सहायक आचार्य, शरीररचना विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर।
विषय: "भ्रूण और वयस्क मानव अग्न्याशय और आयु से संबंधित परिवर्तन की आकारमिती - एक इलैक्ट्रानसूक्ष्मदर्शिकी अध्ययन"	
डॉ. आर. एम. कासलीवाल पुरस्कार	डॉ. नवीन कालरा अपर आचार्य, विकिरणनिदान एवं इमेजिंग विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012।
विषय: "व्रणमय बृहदांत्रशोथ के रोगियों में पारंपरिक कोलोनोस्कोपी के साथ सीटी कोलोनोग्राफी की तुलना"	

डॉ. विमला विरमानी पुरस्कार	डॉ. इस्माइल शहाबुद्दीन टी. एम. सह आचार्य, मनोरोग विभाग, येनेपोयो मैडिकल कॉलेज, येनेपोयो विश्वविद्यालय, मंगलौर।
विषय: "सिज़ोफ्रेनिया वाले व्यक्तियों में विकलांगता का पारिवारिक बोझ और उनके देखभालकर्ताओं में पारिवारिक विपत्ति से सहसंबद्ध"	
श्याम लाल सक्सेना स्मारक पुरस्कार	डॉ. शशि आहूजा सह आचार्य, नेत्र रोग विज्ञान विभाग, जे.आई.पी.एम.ई.आर., पुदुचेरी-605006।
विषय: "अक्षिबिंबशोफ के मामलों में ऑप्टिकल सुसंगति टोमोग्राफी का उपयोग कर रेटिना तंत्रिका फाइबर परत मोटाई विश्लेषण - एक परीक्षण अध्ययन"	
दांतव्य लोक स्वास्थ्य पुरस्कार	डॉ. अर्पिता मोहन बी-1306, ओ. सी. आर. कॉम्पलैक्स विधान सभा मार्ग, लखनऊ-226001।
विषय: "लखनऊ के अनाथ बच्चों में मुख और दंत स्वास्थ्य की स्थिति"	
डॉ. एस.एस. सिद्धू पुरस्कार	डॉ. अमरीश भागोल सहायक आचार्य मुख एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग. पंडित बी. डी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक।
विषय: "निचले जबड़े के उपस्धूलकीय अस्थिभंग के प्रबंधन के लिए एक नई वर्गीकरण प्रणाली का भावी मूल्यांकन"	

डॉ. विनोद कुमार भार्गव पुरस्कार	डॉ. मोहम्मद इमरान सहायक आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, शहीद हसन खान मेवाती सरकारी मेडिकल कॉलेज, नलहर, नुह, मेवात, समीप गुड़गाँव, हरियाणा-122107।
विषय: "दीर्घकाल से कार्य कर रहे β2-एगोनिस्ट के टियूट्रॉपियम के साथ सम्मिश्रण: मध्यम सीओपीडी पुरुष रोगियों यादृच्छिक, द्वयंध, कूटभेषज-नियंत्रित, सक्रिय दवा नियंत्रित, समानांतर डिजाइन शैक्षणिक नैदानिक परीक्षण"	
डॉ. ए. एस. थाम्बिया पुरस्कार	डॉ. सुनील डोगरा सह आचार्य, त्वचारोग विज्ञान, रतिजरोग विज्ञान एवं कुष्ठरोग विज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012।
विषय: "12 माह तक डब्ल्यूएचओ एमडीटी- एमबीआर के साथ उपचारित मल्टीबैसीलरी (एमबी) कुष्ठ रोगियों में नैदानिक विशेषताएं और परिणाम: उत्तरी भारत के एक तृतीयक देखभाल अस्पताल में कुष्ठ रोग क्लिनिक से 730 रोगियों का एक पूर्वव्यापी विश्लेषण"	
डॉ. नन्दगुड़ी सूर्यनारायण राव पुरस्कार	डॉ. एलियम्मा मैथ्यू, एफएएमएस आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, कैंसर महामारी विज्ञान एवं जैवसांख्यिकी प्रभाग, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, त्रिवेंद्रम।
विषय: "भारत के तीन क्षेत्रों में कैंसर के मामलों के अभिनिश्यय की अनुवर्ती, पूर्णता और सटीकता का आकलन"	

जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार

परिषद् ने 30 जुलाई, 2014 को आयोजित अपनी बैठक में नियम 35 (डी) के तहत वर्ष 2014 के लिए डॉ. सी. एस. भास्करन, एफएएमएस; अध्यक्ष, नैम्स, एक उत्कृष्ट शिक्षक, उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यकर्ता और एक कुशल प्रशासक को उनके व्यावसायिक उत्कृष्टता और उच्च कोटि की विषय विशेषज्ञता, धैर्य, शैक्षणिक श्रेष्ठता, और व्यावसायिक उत्कृष्टता के गुणों के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड को मान्यता देते हुए, जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार प्रदान करने हेतु अनुमोदित किया है।

स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान

साख समिति की अनुशंसा के आधार पर और परिषद् की सहमति से, वर्ष के दौरान अध्येता चुने गए सबसे युवा जैवचिकित्सा वैज्ञानिक को अकादमी की वार्षिक सभा में स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, एफएएमएस आचार्य, अंतःस्त्राविकी एवं चयापचय विभाग, जैव प्रौद्योगिकी खंड, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, वर्ष 2013 के दौरान अध्येता चुने गए सबसे युवा जैवचिकित्सा वैज्ञानिक थे। उन्होंने 19 अक्तूबर 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय “अज्ञातहेतुक पराथाइराइडिस्म में बेसल गैन्ग्लिया कैल्सीकरण के रोगजनन और कार्यात्मक महत्व में हाल ही की अंतर्दृष्टि" था।

इमारत का रख-रखाव

इमारत के रख-रखाव पर होने वाले व्यय की भागीदारी 50:50 आधार पर एनएएमएस और एनबीई द्वारा की जाती है। गृह-सज्जा और सुरक्षा के कार्य संविदा आधार पर सौंपे गए हैं।

(सभागार इमारत के चित्र के लिए कृपया वार्षिक रिपोर्ट के पृष्ठभाग को देखिए)

वर्ष वृत्तांत (एनल्स) का प्रकाशन

2011 और 2012 की द्विवार्षिकी राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के इतिहास में एक अनूठा दौर था जब इसकी प्रमुख पत्रिका वर्षवृत्तांत का कोई अंक प्रकाशित नहीं किया गया था। पिछला अंक मधुमेह पर अक्टूबर, 2010 में प्रकाशित हुआ था। साथियों के सहयोग से हमने सुधारात्मक कार्रवाई करने का प्रयास किया है। डॉ. सी. एस. भास्करन द्वारा अक्टूबर, 2012 में नैम्स के अध्यक्ष रूप में पदभार संभालने के बाद वर्षवृत्तांत के तीन अंकों को जोधपुर में प्रकाशित किया गया है। डॉ. संजीव मिश्रा, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर की नेतृत्व क्षमता और डॉ. कुलदीप सिंह की आयोजन क्षमता को स्वीकार करते हुए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के वर्षवृत्तांत जोधपुर में मुद्रित करने का निर्णय लिया गया था। संपादकीय जिम्मेदारी प्रतिष्ठित संपादक के पास ही रहेगी। तदनुसार, 2013 का जनवरी-जून अंक 'स्वर्ण जयंती व्याख्यान' और 2013 का ही जुलाई-दिसंबर अंक 'निद्रा चिकित्सा' जोधपुर में प्रकाशित किए गए थे और प्रतियां अकादमी के सभी अध्येताओं को भेजी गई हैं।

फरवरी, 2015 में डॉ. सी. एस. भास्करन के इस्तीफे के बाद, प्रकाशन शिविर कार्यालय में प्रतिष्ठित संपादक के नेतृत्व में जारी रखा गया है। 2014 का एक अंक, नं. 50 (1 & 2) जनवरी-जून अंक मुद्रित किया गया है और भेजा जा रहा है। इसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में नैम्सकॉन 2013 के दौरान दिए गए व्याख्यान सम्मिलित हैं जो नई दवाओं के विकास, आणविक आनुवंशिकी अध्ययन के माध्यम से मिर्गी में दवा प्रतिरोध का पुनर्मूल्यांकन, नए इमेजिंग तौर तरीकों, कर्णावत आरोपण जैसी नवीन प्रौद्योगिकी और हृदय-चयापचय विकारों की रोकथाम में जीवन शैली हस्तक्षेपों सहित बुनियादी विज्ञान में वैज्ञानिक उत्कृष्टता को प्रतिबिंबित करते हैं। अकादमी के अध्येताओं द्वारा दिए गए इन व्याख्यानों में वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता न केवल इन शोधकर्ताओं के आजीवन लगन और समर्पण को दर्शाती है अपितु (प्रत्यक्ष या डीएनबी प्राप्त करने के बाद निर्वाचित) युवा अध्येताओं और अकादमी के सदस्यों को भी प्रेरित करती है।

इसे ध्यान में रखते हुए परिषद के अध्यक्ष ने चिकित्सा के क्षेत्र में नई वर्तमान घटनाओं के स्रोत के रूप में वर्षवृत्तांत के हर अंक की प्रतियां भी सदस्यों के बीच वितरित किए जाने का निर्णय किया है।

'निद्रा चिकित्सा' पर लेख वर्षवृत्तांत अंक संख्या 49 (3 और 4), 2013 में मुद्रित किए गए और

कुछ लेख कोवलम, केरल में 22-24 सितम्बर, 2014 को आयोजित 8वें एशियाई निद्रा अनुसंधान समिति कांग्रेस (एएसआरएस) 2014 संगोष्ठी और पैनल चर्चा में प्रस्तुत किए गए।

नैम्स के वर्षवृत्तांत वेबसाइट- http://annals-nams.in पर उपलब्ध है। शीघ्र ही अन्य संस्करणों की सामग्री को भी इस साइट पर अपलोड किया जाएगा। सामग्री राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। व्यापक दृश्यता और पाठकों के लिए हमारी पत्रिका को विभिन्न अनुक्रमण प्रणालियों में अनुक्रमित करवाने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हमने ऑनलाइन अंकों के लिए आईएसएसएन संख्या के लिए 18 जून 2015 को राष्ट्रीय केन्द्र एनएसएल, निस्केयर को आवेदन किया और यह (ईआईएसएसएन: 2454-5635) प्राप्त किया। यह हमारी अनुक्रमण प्रक्रिया को त्वरित करेगा। ओपन एक्सेस जर्नल की निर्देशिका में अनुक्रमण के लिए, हमें उनके दिशा निर्देशों का पालन करना पड़ा।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में नैम्सकॉन 2013 और निद्रा चिकित्सा पर क्षेत्रीय संगोष्ठी की सफलता के बाद इसकी क्षमता को मान्य करने के लिए और प्रस्तुतियों के साथ सीडी का उपयोग निद्रा शिक्षा अनुसंधान सर्वेक्षण करने के लिए एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर में निद्रा चिकित्सा पर आधारित सीएमई कार्यक्रम के रूप में मुख्य प्रयास हुआ है। इतना ही नहीं शैक्षणिक परिषद ने चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान प्रारंभ करने के लिए उत्साहित संकाय को प्रेरित और प्रोत्साहित भी किया। इसका अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर में अनुसंधान से संबंधित कई पार्श्व गतिविधियों में समापन हुआ। 2015 का जनवरी-जून अंक 'चिकित्सा शिक्षा में अनुसंधान' मुद्रित और वितरित किया गया है और एक अनुसंधान संस्थान के रूप में अकादमी की भूमिका को पूरा करने की हमें आशा है।

इस अंक की 4000 प्रतियां मुद्रित करने का परिषद का निर्णय न केवल अद्यतन करने में एक बड़ा कदम है अपितु यह सभी अध्येताओं, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित विशेष बोर्ड परीक्षा पास करने के बाद उसकी सदस्यता पाए व्यक्तियों सहित, सदस्यों को प्रोत्साहित करेगा। उन सभी लोगों के बीच वर्षवृत्तांत की व्यापक पहुंच निश्चित रूप से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अतिरिक्त अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी। यदि ऐसा होता है तो अकादमी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने में एक अग्रणी के रूप में अपनी उचित जगह स्थापित हो सकती है।

"नियम 26 के अनुसार संपादक और संपादकीय बोर्ड का कार्यकाल 3 वर्ष है। संपादकीय बोर्ड का 2007 में गठन किया गया और 12 जुलाई, 2008 को आयोजित परिषद की बैठक में

अनुमोदित किया गया था।" वर्षवृत्तांत का अंतिम अंक अक्टूबर, 2010 में मधुमेह पर प्रकाशित किया गया था तब से वही संपादकीय बोर्ड विद्यमान है परंतु वर्षवृत्तांत का एक भी अंक प्रकाशित नहीं हो पाया। प्रतिष्ठित संपादक को नैम्स के वर्षवृत्तांत के लिए नया संपादकीय बोर्ड गठित करने के लिए अधिकृत किया गया था। 4 अक्टूबर, 2014 को परिषद की बैठक में प्रस्तुत किए गए नए संपादकीय बोर्ड का समर्थन किया गया और 1 जनवरी, 2015 से प्रभावी हो गया था, वर्षवृत्तांत, 2015 का पहला अंक (जनवरी-जून में) 'चिकित्सा शिक्षा में अनुसंधान' पर मुद्रित और वितरित किया गया है।

23 फ़रवरी, 2015 को आयोजित परिषद की 136वीं बैठक के निर्णय के अनुसार वर्षवृत्तांत के अगले अंक अर्थात् खंड 51 (3 और 4), 2015 के जुलाई से दिसंबर अंक के लिए डॉ. कुलदीप सिंह को डॉ. वी. मोहन कुमार के साथ सहयोगी संपादक के रूप में नामित किया गया था।

एम्स, जोधपुर में मुद्रित होने वाले नैम्स के वर्षवृत्तांत के सभी भविष्य के अंकों को नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र, जोधपुर की ओर से राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की वेबसाइट http://annals-nams.in पर इसके वितरण के 3 दिन के भीतर डाल दिया जाएगा। कोई अतिरिक्त लागत नहीं आएगी।

<u>भविष्य की योजनाएं :</u>

1. नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र, जोधपुर द्वारा पांडुलिपियों को ऑनलाइन जमा करने के प्रयास आरंभ किए जा रहे हैं। संपादकीय सुधार, अकादमी के किसी भी सदस्य द्वारा की गई किसी भी उचित टिप्पणी के लिए पांडुलिपियों की समीक्षा करने का अधिकार प्रतिष्ठित संपादक के अधीन रहेगा।

जैव चिकित्सा विज्ञान में शोध की गुणवत्ता में एक कथित गिरावट बढ़ती चिंता का विषय है; एक ऐसी ही चिंता विविध विषयों से संबंधित वैज्ञानिकों द्वारा साझा की जा रही है। आत्म-आलोचना के लिए अंदर झांकने का प्रयास एक निश्चित सीमा तक, अच्छा संकेत है। शायद उद्देश्य बहुत देर हो जाने से पूर्व किन्हीं भी खामियों और कमियों की पहचान करके सुधारात्मक कदम उठाने का रहा है। अत्यधिक प्रयोग करने पर इस प्रकार के उपकरण आत्म-निंदा करने के कारण रुग्ण आशंकाओं का निर्माण कर सकते हैं। विज्ञान के क्षेत्र में अधिकांश वस्तुओं के समान, आवश्यक शर्त जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में मौजूदा स्थिति की तर्कसंगत विवेचना है। वास्तव में, शब्द तर्कसंगत का सुदृढ़ वैज्ञानिक अर्थ है क्योंकि यह ग्रीक शब्द "अनुपात" से लिया गया है। यह सामान्यतया "चरम सीमाओं के बीच मध्यमान" की ओर संकेत समझा जाता

है। विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता और उत्तरदायित्व पर केंद्रित वर्तमान विषय के संदर्भ में तर्कसंगत दृष्टिकोण को सावधानी से एक ओर आत्म-स्तुति और दूसरी ओर आत्म-निंदा के चरम से बचना चाहिए। इसके प्रभाव के रूप में, हमें भी प्रथम दृष्टया अनुसंधान की गुणवत्ता में चौतरफा गिरावट के निराधार दावे को स्वीकार नहीं करने की आवश्यक सावधानी का पालन करना चाहिए और न ही हमें दंतकथाओं, अधिकांश आत्म महिमामंडित, हाल के दिनों में देश में उच्च गुणवत्ता की वैज्ञानिक उपलब्धियों के वर्णन की पुष्टि के प्रलोभन का शिकार होना चाहिए।

19 दिसंबर, 1961 को भारतीय अकादमी (वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी) के उद्घाटन समारोह में कहे गए पंडित जवाहर लाल नेहरू के शानदार शब्दों ने श्रोताओं को उत्साहित कर दिया जब उन्होंने कहा: ***"मुझे आशा है कि अकादमी अनुसंधान कार्य की खोज पर बल देगी और साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगी कि उच्च मानकों को बनाए रखा गया है। अनुसंधान ज्ञान की किसी भी व्यवस्थित खोज का एक अविभाज्य अंग है इसलिए यह अनिवार्य है कि गुणवत्ता "पूर्णतः प्रथम श्रेणी" की होनी चाहिए।"***

दो वर्ष बाद 8 दिसंबर 1963 को भारतीय अकादमी के प्रथम दीक्षांत समारोह में भारत के राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन के गंभीर निदेशन द्वारा हम बपतिस्मा हुए जब उन्होंने अध्येताओं को आह्वान और उत्साहित किया: ***"लेकिन अपने अध्येताओं के चुनाव में सावधान रहिए, सतर्क रहिए, उस महान प्रतिष्ठा का ध्यान रखिए जो आपको दुनिया की समान अकादमियों के बीच प्राप्त है.....।"***

तब से अकादमी की प्रतिष्ठा और दंत चिकित्सा, नर्सिंग और पैरा-व्यावसायिक शिक्षा सहित चिकित्सा शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय मुद्दों के लिए इसके प्रमुख योगदान में वृद्धि हुई है। वास्तव में इसमें स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों का गठन करने वाले सभी मुद्दे सम्मिलित हैं। इस प्रकार यह, शायद पूरे विश्व में भी, अकेला संगठन है जो खोज और अनुसंधान के वैज्ञानिक तरीकों के माध्यम से राष्ट्रीय आवश्यकताओं की प्रतिक्रिया में प्रतिभा के विशाल समूह को उपलब्ध कराता है और जिसकी 61 से अधिक विषयों को प्रस्तुत करने वाली अध्येताओं की गैलेक्सी द्वारा पूरे किए जा रहे उद्देश्यों की एक विस्तृत श्रृंखला है।

2015 का जनवरी-जून अंक 'चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान' पर मुद्रित और वितरित किया गया। इसमें चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान पर विभिन्न लेख शामिल हैं जैसे 'सीएमई कार्यक्रम की प्रभावशीलता का अनुकूलनः नैम्स का अनुभव' शैक्षिक कार्यक्रमों की

योजना, आयोजन और वितरण के बारे में बताता है। अध्ययन से निष्कर्ष निकालता है कि प्रौढ़ शिक्षा के सिद्धांतों पर आधारित भली-भांति निरूपित शैक्षिक हस्तक्षेप ज्ञान में सकारात्मक लाभ लाता है और प्रतिभागियों की क्षमता को बढ़ाता है।

'चिकित्सा और नर्सिंग छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का प्रभाव: एक प्रायोगिक अध्ययन' में शिक्षा में प्रौद्योगिकी के साथ ही अधिगम मनोविज्ञान दोनों की आवश्यकता होती है। परिणामस्वरूप यह व्यक्तित्व और व्यावसायिकता को बढ़ाने के लिए चल रहे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल देता है। 'गैर प्रिंट माध्यम और लाइव सीएमई की तुलनात्मक प्रभावशीलता' पर लेख का मूल उद्देश्य गैर-प्रिंट माध्यम की शिक्षाप्रद व्याख्यान के परंपरागत ढंग से वितरित लाइव सीएमई कार्यक्रम के साथ तुलना करना था। यह निष्कर्ष निकला है कि परिणामों ने प्रतिभागियों के बीच ज्ञान और दक्षता पर तुलनीय प्रभाव दिखाया है और इस प्रकार शैक्षिक काम के वितरण के लिए इसे एक लागत प्रभावी विधा सिद्ध किया है। 'वर्तमान चिकित्सा शिक्षण में निद्रा चिकित्सा की गुंजाइश की खोज और सीडी आधारित अधिगम संसाधन सामग्री की उपयोगिता' पर लेख में पारंपरिक सीएमई कार्यक्रम और सीडी आधारित अधिगम संसाधन सामग्री के परिणामस्वरूप उत्पन्न सामग्री की लागत प्रभावशीलता सम्मिलित है। पावर प्वाइंट प्रस्तुति की सामग्री को बेहद संतोषजनक और मल्टी-मॉडल प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने वाला माना गया। इस प्रकार पारंपरिक पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किए गए कई नए विषयों को सीडी आधारित अधिगम संसाधन सामग्री की तकनीक का उपयोग करके विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल छात्रों की एक बड़ी संख्या तक पहुँचाया जा सकता है।

'भारत में निद्रा चिकित्सा शिक्षा: राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) की नीतिगत पहल' का सार पबमेड अनुक्रमित पत्रिका **निद्रा और जैविक लय, खंड 12, अक्टूबर 2014 (जापानी निद्रा अनुसंधान सोसायटी)** में सम्मिलित किया गया है और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की नीति पहल के एक भाग के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ये लेख 'निद्रा चिकित्सा' पर 2013 के जुलाई-दिसंबर अंक में प्रकाशित किए गए हैं और बड़े पैमाने पर गूगल स्कॉलर और वर्ल्डकैट अनुक्रमण प्रणाली में उद्धृत किए गए हैं और न केवल चिकित्सा संस्थानों में अपितु चिकित्सा शिक्षकों और छात्रों के बीच व्यापक प्रचार को संभव बनाने में 'लागत प्रभावी सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग' महत्वपूर्ण है।

प्रो जे.एस. बजाज

प्रतिष्ठित संपादक

मृत्युलेख

अकादमी के निम्नलिखित प्रतिष्ठित अध्येताओं/ सदस्यों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया गया हैः

अध्येताः

1. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
2. डॉ. सी. एस. भास्करन
3. डॉ. शांति घोष
4. डॉ. बी. एस. नरसिंह राव
5. डॉ. सुबीमल रॉय
6. डॉ. कमल नाथ शर्मा
7. डॉ. क्लेयर मैरी जीन वेल्लुट

सदस्यः

1. डॉ. वी. श्रीनिवासन

अनुबंध-I

ऋषिकेश में दिनांक 18 अक्टूबर, 2014 को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में डॉ. सी. एस. भास्करन, अध्यक्ष, एनएएमएस द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

मुझे बहुत प्रसन्नता है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के 54 वें वार्षिक सम्मेलन का 17 से 19 अक्टूबर 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में अपनी समर्पित टीम के साथ आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में संस्थान निदेशक आचार्य राज कुमार के गतिशील नेतृत्व में आयोजन किया जा रहा है।

यह सम्मेलन एक शुभ स्थान पर आयोजित किया जा रहा है जहां हजारों लोगों की प्यास बुझाने और उपजाऊ भूमि के हजारों हेक्टेयर की सिंचाई के लिए पवित्र गंगा मैदानों में प्रवेश करती है। उसी प्रकार इस सम्मेलन का वैज्ञानिक कार्यक्रम 17 अक्टूबर को "मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता" पर सीएमई के साथ आरंभ हो रहा है, जिसे मैं समय की मांग समझता हूँ, उसके बाद आगामी दो दिन तक नैम्स की प्रख्यात हस्तियों की व्याख्यान श्रृंखला, "निजीकृत चिकित्सा" पर नैम्स संगोष्ठी और पुरस्कृत लेख प्रस्तुतियों के साथ पोस्टर प्रस्तुतियां प्रतिनिधियों के ज्ञान की प्यास बुझाएंगी और समुदाय की भलाई और पूरे देश के स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करने वाली आवश्यक नीतियों पर विचार, निर्माण और कार्यान्वयन के लिए उन्हें प्रेरित करेगा।

हम वर्तमान में सामाजिक आर्थिक, भौगोलिक, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी परिवर्तन से गुजर रहे हैं और परिवर्तन का आकलन और प्रतिक्रिया के लिए प्राथमिक से तृतीयक स्तर के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की नई अवधारणाओं का निर्माण करने की तत्काल आवश्यकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुलभ उपकरणों में से एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम है और हमारी अकादमी को सतत चिकित्सा शिक्षा के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होने के कारण - जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक उन्नति को बढ़ावा देने के लिए, प्रतिभाशाली पेशेवरों को पहचानने और बढ़ावा देने तथा देश की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार उनका अनुकूलन करने और सर्वोपरि समय की एक विस्तारित अवधि के दौरान उनका मार्गदर्शन करने के लिए ज्ञान को अद्यतन और चिकित्सा, स्वास्थ्य, पैरामैडिकल पेशेवरों और जैव चिकित्सा वैज्ञानिकों के कौशल को बढ़ाने के लिए जनादेश प्राप्त है।

इस अवसर पर, मैं इस वर्ष इस 54वें नैम्सकॉन 2014 दीक्षांत समारोह में उनकी व्यावसायिक श्रेष्ठता की मान्यता में स्क्रॉल प्राप्त करने वाले नव निर्वाचित अध्येताओं और सदस्यों को बधाई देना चाहता हूँ।

इस सम्मेलन की भव्य सफलता और वास्तव में इसे यादगार बनाने के लिए अथक प्रयास करने वाले प्रोफेसर राज कुमार और उनकी टीम का मैं अकादमी और अपनी ओर से साभार धन्यवाद करता हूँ।

मैं सम्मेलन की भव्य सफलता की कामना करता हूँ।

दिनांक: 5 सितंबर 2014 **सी.एस. भास्करन**

ऋषिकेश में दिनांक 18 अक्तूबर, 2014 को आयोजित 54वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि महामहिम डॉ. अज़ीज़ कुरैशी, उत्तराखंड के राज्यपाल, भारत सरकार, द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

यहाँ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में 17 अक्टूबर से 19 अक्तूबर 2014 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के 54वें वार्षिक सम्मेलन - नैम्सकॉन 2014 का उद्घाटन करते हुए मुझे असीम आनंद और गर्व का अनुभव हो रहा है। मुझे आशा है कि इस अनूठे संगठन के तत्वावधान में, चिकित्सा बिरादरी को प्रख्यात राष्ट्रीय शिक्षकों द्वारा वैज्ञानिक विचार-विमर्श से तीन दिनों तक लाभान्वित किया जाएगा।

इस तरह के सम्मेलन रोगों, स्वास्थ्य शिक्षा और जैव चिकित्सा अनुसंधान पर वार्ता सहित वर्तमान परिदृश्य में हित के विभिन्न विषयों पर प्रसिद्ध शिक्षाविदों द्वारा विस्तार से व्याख्यान और विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। युवा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर प्रस्तुतियां और पुरस्कार व्याख्यान हैं। अन्य सभी संबंधित शैक्षिक गतिविधियों से प्रतिभागियों को अपने ज्ञान को समृद्ध करने में सहायता मिलेगी।

इस नवोदित संस्थान को सफलता की दिशा में ले जाने वाले प्रोफेसर (डॉ.) राज कुमार, निदेशक को मैं बधाई देता हूं। मुझे आशा है कि भविष्य में न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अपितु एक उत्कृष्ट अनुसंधान केंद्र के रूप में भी इस नवोदित संस्थान को एक उत्कृष्ट संस्थान में परिवर्तित होते देखेंगे। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) एक अनूठी संस्था है जो चिकित्सा और सामाजिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने संसाधन के रूप में अकादमिक उत्कृष्टता का प्रयोग और संवर्धन करता है। इसे 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम XXI के अधीन 21 अप्रैल, 1961 को "भारतीय आयुर्विज्ञान अकादमी" के रूप में पंजीकृत किया गया था। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा 19 दिसंबर, 1961 को नई दिल्ली में इसका उद्घाटन किया गया था। अकादमी राष्ट्रव्यापी सीएमई कार्यक्रम, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं को प्रोत्साहित और प्रायोजित करती है। इन वर्षों में अकादमी ने चिकित्सा

और संबद्ध विज्ञान क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता दी और चयनित व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति के साथ ही सदस्यता से सम्मानित किया है।

भारत में स्वास्थ्य परिदृश्य, सेवाओं के प्रावधान और वितरण, अधिकतर शहरी या अर्द्ध शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित मेडिकल कॉलेजों और तृतीयक देखभाल केन्द्रों, स्वास्थ्य प्रदाताओं का जनसंख्या से अनुपात सहित, विभिन्न पहलुओं के बारे में असमानताओं से भरा है। ऐसी चिंताओं को ध्यान में रखते और देश में उत्तम तृतीयक स्तर स्वास्थ्य देखभाल के विषय में क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करने और स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य के साथ भारत सरकार द्वारा देश के अल्पसेवित क्षेत्रों में 6 नए एम्स खोले गए थे। अपनी स्थलाकृति के आधार पर उत्तराखंड राज्य एक ऐसा स्थान रहा है जहां ऐसी सेवाओं का अभाव रहा है और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश की स्थापना उत्तराखंड के दूर दराज के क्षेत्रों और उससे सटे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और देश के बाकी भागों में रहने वाले लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने प्रयास में की गई है।

पिछले कुछ वर्षों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश शानदार ढंग से विकसित हो रहा है। जनता के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के अतिरिक्त संस्थान स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान कर रहा है। संस्थान सितंबर, 2012 से स्नातक चिकित्सा शिक्षा प्रदान कर रहा है और इस वर्ष एमबीबीएस छात्रों के तीसरे बैच और बीएससी नर्सिंग के दूसरे बैच को प्रवेश दिया गया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश 23 मई, 2013 से सफलतापूर्वक ओपीडी भी चला रहा है। आईपीडी 30 दिसंबर, 2013 को शुरू किया गया था। जैसा कि मुझे बताया गया है यह स्वास्थ्य देखभाल गतिविधि की सभी शाखाओं में सर्वोच्च क्रम की शैक्षिक सुविधाओं और चिकित्सा सुविधाओं को एक ही स्थान पर ला रहा है और लाएगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश का लक्ष्य न केवल सेवाएं प्रदान करना है अपितु स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों और चिकित्सकों के लिए शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ाना, प्रचलित रोगों के बारे में जागरूकता और ज्ञान का प्रसार करना और भविष्य में उनके लिए उपयोग किए जा सकने वाले

संसाधनों का सृजन करना है। मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन इन लक्ष्यों को पूरा करने में इसकी अत्यंत सहायता करेगा।

मुझे विश्वास है कि कल "मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता" पर आयोजित संगोष्ठी ने देश के विभिन्न भागों में शराब की खपत के प्रसार और शराब के उपयोग और संबंधित विकारों को जन्म देने वाले विभिन्न अग्रणी कारकों के बारे में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की होगी। संगोष्ठी ने शराब से संबंधित समस्याओं के रोगियों को परामर्श देने और उनके परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक क्षेत्रों जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, और मानव संसाधन विकास मंत्रालय आदि के बीच अंतर-विभागीय सरकारी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए बहु-व्यावसायिक रणनीति की आवश्यकता पर विचार विमर्श किया गया।

मैं आश्वस्त हूँ कि इस सम्मेलन के सभी सत्र उन में भाग लेने वालों के ज्ञान में वृद्धि करेंगे और उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में चल रही नवीनतम तकनीकों, अध्ययन और हस्तक्षेपों के लिए जागरूक बनाने का कार्य भी करेंगे।

अकादमी के विनियमों के अनुसार चयनित या अकादमी के अध्येताओं द्वारा प्रस्तावित और समर्थित नामांकित अध्येताओं और सदस्यों, भारतीय विज्ञान के प्रति उनकी विशिष्ट सेवा के लिए अकादमी की परिषद द्वारा निर्वाचित मानद अध्येताओं और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए विशिष्ट योगदान और भारतीय विज्ञान से संबंध के आधार पर चुने गए विदेशी अध्येताओं, विदेशी वैज्ञानिकों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ।

राज्य की सेवा करने के उनके प्रयास के लिए प्रोफेसर (डॉ.) राज कुमार, निदेशक, उनके प्रशासनिक कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के लिए मैं सफलता की कामना करता हूँ। मैं सम्मेलन के आयोजकों और प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

धन्यवाद,

जय हिन्द

शैक्षिक रिपोर्ट

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

01 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यकलापों की रिपोर्ट

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं:

1.	डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन, एफएएमएस	-	अध्यक्ष
2.	प्रो. जे.एस. बजाज, एफएएमएस	-	अध्यक्ष, शैक्षिक समिति
3.	डॉ. कमल बक्शी, एफएएमएस	-	सदस्य
4.	डॉ. राजेश्वर दयाल, एफएएमएस	-	सदस्य
5.	डॉ. मोहन कामेश्वरन, एफएएमएस	-	सदस्य
6.	डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल, एफएएमएस	-	सदस्य
7.	डॉ. राजू सिंह चीना, एफएएमएस	-	सदस्य
8.	डॉ. एम. वी. पदमा श्रीवास्तव, एफएएमएस	-	सदस्य
9.	डॉ. के.के. शर्मा, एफएएमएस	-	सदस्य-सचिव
10.	डॉ. सी.एस. भास्करन, एफएएमएस	-	अध्यक्ष, नैम्स (पदेन सदस्य)
11.	डॉ. संजय वधवा, एफएएमएस	-	सचिव, नैम्स

वर्ष 2014-2015 के दौरान, सीएमई कार्यक्रम समिति की दो बैठकें आयोजित की गई थीं। पहली बैठक दिनांक 4 जुलाई, 2014 को और अगली बैठक 10 जुलाई, 2015 को आयोजित की गई थी।

समिति समय-समय पर, चर्चा के विषय के अनुसार विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता के आधार पर बैठक में भाग लेने के लिए अध्येताओं को सहयोजित करती है।

बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमः ये सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। एनएएमएस द्वारा निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों की गुणवत्ता और विषय-वस्तु में सुधार करने के लिए निधिपोषण हेतु प्राप्त प्रस्तावों की सबसे पहले एक विषय विशेषज्ञ, जो एनएएमएस के अध्येता भी हैं, द्वारा तकनीकी रूप से समीक्षा की जाती है। इस पद्धति का जुलाई, 2004 से ही अनुपालन किया जा रहा है और

इस प्रकार नामोदिष्ट समीक्षकों ने प्रस्तावों का मूल्यांकन किया है और कार्यक्रम की विषय-वस्तु में अगर कोई खामियाँ हैं तो उनकी पहचान की है। समीक्षकों ने कार्यक्रम में समामेलित किए जाने वाले संशोधनों/आशोधनों का भी सुझाव दिया है। ये सुझाव सूचित किए जाते हैं और ऐसे लगभग सभी सुझाव आयोजकों द्वारा स्वीकार किए गए हैं और उसके बाद ही सीएमई प्रस्तावों को निधिपोषित किया जाता है। अकादमी के अध्येताओं को बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने और उनका मूल्यांकन करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामोदिष्ट किया जाता है। अकादमी सीएमई कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामित अध्येताओं को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान कर रही है।

देश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों/व्यावसायिक निकायों से प्राप्त सीएमई प्रस्तावों में से अकादमी ने वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान 11 बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

01 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुबंध-III के रूप में प्रस्तुत है।

01 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर स्वीकृत कुल व्यय 7,39,670 लाख रुपए (केवल सात लाख उनतालीस हजार छह सौ सत्तर रुपए) है।

अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम: ये सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। सीएमई कार्यक्रम समिति समय-समय पर अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के रूप में निधिपोषण के लिए राष्ट्रीय और शैक्षणिक संगतता के विषयों की पहचान करती है। अकादमी उन अध्येताओं को, जो पर्यवेक्षकों के रूप में सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और रिपोर्ट दाखिल करते हैं, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान करती है।

अकादमी ने वर्ष 2014-2015 के दौरान 9 अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम/ संगोष्ठी का निधिपोषण किया हैः-

1. 24 मई 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में आयोजित "आपदाओं और आपात चिकित्सा के लिए अस्पताल-पूर्व प्रतिक्रिया का विकास" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

2. 10 अगस्त 2014 को मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई में आयोजित "तंत्रिकाकर्णविज्ञान" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

3. 7 सितंबर, 2014 को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंडीगढ़ में आयोजित "सामान्य चिकित्सकों के लिए आंत्र सूजन रोग" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

4. 17 अक्टूबर 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में आयोजित "मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता" पर नैम्स संगोष्ठी

5. 29 नवंबर, 2014 को श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर में आयोजित "मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र की सौम्य और घातक विकृतियाँ" पर सीएमई कार्यक्रम

6. 10 दिसंबर, 2014 को श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर में आयोजित "टाइप 2 मधुमेह के निदान निवारण और प्रबंधन की उभरती अवधारणाएँ और इसकी सूक्ष्मसंवहनी जटिलताएँ" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

7. 30 जनवरी 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित "मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता" पर नैम्स राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यक्रम सामग्री का लागत प्रभावी मान्यकरण

8. 1 मार्च, 2015 को स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य" पर नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी

9. 12 मार्च, 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित "मोटापे की उभरती महामारी" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

अंत-सांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने में कुल व्यय 5,38,733 लाख रुपए (केवल पाँच लाख अड़तीस हजार सात सौ तैंतीस रुपए) था। ब्यौरे अनुबंध-IV में दिए गए हैं।

चित्र 1 वर्ष 201-13 और 2014-14 के दौरान बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक कार्यक्रमों पर किए गए व्यय का चित्रांकन करता है।

वर्ष 2013-14 और 2014-15 में सीएमई कार्यक्रमों पर कुल व्यय

हजार रूपयों में



चित्र 1. वर्ष 2013-14 और 2014-15 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में किए गए व्यय का तुलनात्मक प्रदर्शन।

राज्य-चैप्टर-वार बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विवरण चित्र 2 में दिया गया है।



चित्र 2. राज्य चैप्टर-वार वर्ष 2014-15 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का प्रदर्शन

वर्ष 2014-15 के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार विवरण चित्र 3 में दर्शाया गया है।



चित्र-3. वर्ष 2014-15 के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार वितरण

पिछले 3 वर्षों, अर्थात् 2012-13 से 2014-15 में स्वीकृत बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का राज्य-वार वितरण

बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का वर्ष 2012-13 से प्रति वर्ष राज्य-वार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है

राज्य	2012-13	2013-14	2014-15	वर्ष 2014-15 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
आंध्र प्रदेश	2	1	1	64,561
असम	1	-	-	-
बिहार	-	-	-	-
चंडीगढ़	2	-	-	-
दिल्ली	3	2	-	-
गोवा	-	-	-	-
गुजरात	-	1	-	-
हरियाणा	-	-	-	-
हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-
जम्मू और कश्मीर	1	1	-	-
कर्नाटक	1	1	2	1,25,000
केरल	-	-	-	-
मध्य प्रदेश	-	-	-	-
महाराष्ट्र	1	1	3	1,97,665
मणिपुर	-	-	-	-
ओडिशा	-	-	-	-
पुडुचेरी	1	1	2	1,44,500
पंजाब	2	-	-	-
राजस्थान	-	-	-	-

राज्य	2012-13	2013-14	2014-15	वर्ष 2014-15 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
तमिलनाडु	1	-	1	69634
उत्तर प्रदेश	-	-	2	1,38,310
उत्तराखंड	-	1	-	-
पश्चिम बंगाल	3	-	-	-
जोड़	**18**	**9**	**11**	**7,39,670**

राज्य चैप्टर के अधीन सीएमई कार्यक्रमों के अंतर्गत समर्थित गोष्ठियों, संगोष्ठियों, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, और कार्यशालाओं का विवरण नीचे दिया गया है।

एनएएमएस अध्यायों के बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

अकादमी की वैज्ञानिक गतिविधियों में उसके राज्य चैप्टरों की शैक्षणिक गतिविधियां शामिल होती हैं। वित्तीय वर्ष 2014-14 के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट नीचे दी गई हैः

आंध्रप्रदेश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आंध्रप्रदेश चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (काकिनाड़ा में) आयोजित किया है।

कर्नाटक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्नाटक चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से दो बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (बेंगलुरु में) आयोजित किए हैं।

महाराष्ट्र

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान महाराष्ट्र चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से तीन बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (पुणे, नागपुर और सेवाग्राम, वर्धा में) आयोजित किए हैं।

पुडुचेरी

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तमिलनाडु एवं पुडुचेरी चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से दो बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

तमिलनाडु

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तमिलनाडु एवं पुडुचेरी चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (थेनी में) आयोजित किया है।

उत्तर प्रदेश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से दो बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (अलीगढ़ में) आयोजित किए हैं।

अनुबंध-III

दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. **4 अप्रैल, 2014 को सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, बंगलौर में आयोजित "चिकित्सा शिक्षा में ई-लर्निंग - एक विहंगम दृश्य" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ नचिकेत शंकर, सह आचार्य, शरीर रचना विज्ञान विभाग, सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, सरजापुर रोड, बंगलौर 560034।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के मुख्य उद्देश्यों में थे:

1. ई-लर्निंग की अवधारणाएँ और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग।
2. ई-लर्निंग सामग्री और उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के विकास की आधारभूत अवधारणात्मक संरचनाओं का परिचय।
3. लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के अभिकल्प एवं अनुप्रयोग।
4. शरीर रचना विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में ई-लर्निंग के अनुप्रयोग।
5. छवि विश्लेषण और आकारमितिका परिचय।
6. नैदानिक शिक्षण के लिए ई-लर्निंग के अनुप्रयोग।
7. स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में ई-लर्निंग नवाचार।

सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज का शरीर रचना विज्ञान विभाग संस्थान में ई-लर्निंग पहल के मामले में सबसे आगे के विभागों में से एक रहा है। हमने सोचा कि इस क्षेत्र में अपने विभाग के अनुभवों को अन्य मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों के साथ साझा करना उचित होगा। इस सीएमई का व्यापक लक्ष्य चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ई-लर्निंग के अनुप्रयोगों का अवलोकन प्रदान करना होगा। सीखने में भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए

यथासंभव समूह गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। हमें आशा है कि अन्य संस्थानों को भी चिकित्सा पाठ्यक्रम में ई-लर्निंग को शुरू करने पर विचार करने के लिए इस कार्यशाला से प्रेरणा मिलेगी।

पर्यवेक्षक (डॉ. संजय चतुर्वेदी, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई में कुछ स्नातकोत्तर छात्रों सहित 90 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीएमई में छह वैज्ञानिक सत्र थे जिनमें ई-लर्निंग के बुनियादी सिद्धांत, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम - टायरो, वैज्ञानिक छवियों की व्याख्या आदि क्षेत्र शामिल थे । केस परिदृश्यों की व्याख्या करने के लिए मेडिकल कॉलेजों में ई-लर्निंग प्लेटफार्मों का उपयोग, बाहरी क्षेत्रों में डॉक्टरों द्वारा व्हाटएप्स का उपयोग आदि पर चर्चा की गई। प्रथम सत्र में डॉ. बालासुब्रमणयम ने प्रतिनिधियों को ई-लर्निंग के बुनियादी सिद्धांतों से परिचित करवाया। इस के बाद एक गतिविधि सत्र में प्रतिनिधियों को इन सिद्धांतों को लागू करने के लिए कहा गया था जिसके लिए पावर प्वाइंट स्लाइड उपलब्ध कराई गई थीं। यह सब व्यावहारिक अनुप्रयोग अभ्यास से सीखे गए सिद्धांतों को सुदृढ़ करने के लिए किया गया था। अगला सत्र डॉ. टोनी राज द्वारा था जिन्होंने सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज में प्रयुक्त किए जा रहे सीखना प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) - टायरो का परिचय दिया। प्रतिनिधियों को प्रणाली का एक संक्षिप्त सिंहावलोकन दिया गया और इसके बाद एक गतिविधि सत्र था जिसमें उन्हें एलएमएस मंच में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों का अभ्यास करने के लिए कहा था। सत्र मूल्यांकन भी एलएमएस मंच पर किया गया था जिससे कि प्रतिनिधियों को मंच का उपयोग करते हुए एक शिक्षक एवं एक छात्र के रूप में अनुभव हो। प्रतिनिधियों को टायरो प्लेटफार्म पहले से ही उपब्ध होने के कारण यह एक इंटरैक्टिव सत्र था जिसमें प्लेटफार्म के उपयोग के संबंध में कुछ बुनियादी प्रश्नों को संबोधित किया गया था। अगला सत्र छवियों की व्याख्या पर डॉ. नचिकेत शंकर और डॉ. सुरेश एन. द्वारा था। इस प्रदर्शन के बाद एक समूह गतिविधि थी । प्रतिनिधियों को उन सरल तरीकों से अवगत कराया गया जिनका उचित रूप से ली गई तस्वीरों से सही माप लेने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। प्रतिनिधियों को एक नमूना तस्वीर दी गई थी और इमेज जे का उपयोग कर माप का अभ्यास करने के लिए कहा गया था। भोजन के बाद के सत्र का आरंभ डॉ. टी. वी. राव द्वारा किया गया जिन्होंने वेबकास्ट प्रणाली का उपयोग करते हुए त्रिवेंद्रम से ई-लर्निंग पर एक भाषण दिया। इसके बाद डॉ. बालासुब्रमणयम द्वारा मेडिकल कॉलेज में ई-शिक्षा मंच के उपयोग पर एक सत्र था।

उन्होंने इसे स्पष्ट करने के लिए प्रतिनिधियों को एक नैदानिक केस स्थिति दी जिसमें उन्हें टायरो मंच में निहित जानकारी का उपयोग करते हुए निदान पर पहुंचना था कुल मिलाकर इस अभ्यास की सभी प्रतिनिधियों द्वारा बहुत सराहना की गई क्योंकि यह एक छात्र के दृष्टिकोण से अवगत करवाता था। कुल मिलाकर इस अभ्यास की सभी प्रतिनिधियों द्वारा बहुत सराहना की गई क्योंकि यह एक छात्र का परिप्रेक्ष्य देता था कि किस प्रकार वे एलएमएस मंच का उपयोग कर सकते हैं। डॉ. बीनू जोय और डॉ. जीनो ने एक प्रदर्शन से बताया कि किस प्रकार चिकित्सकों द्वारा सुदूर क्षेत्रों में व्हाटएप्स जैसी एप्लीकेशन के प्रयोग से सहायता की जा सकती है। अंतिम सत्र स्वास्थ्य साक्षरता के लिए टच स्क्रीन उपकरणों के उपयोग पर था। इस अभ्यास सत्र में प्रतिनिधियों को इस उद्देश्य के लिए प्रदर्शित उपकरणों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। सीएमई के संचालन के दौरान, वेबकास्ट के प्रतिभागियों को भी अपने संदेहों को स्पष्ट करने के लिए और प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंत में प्रतिनिधियों से बाद की परीक्षा के उत्तर देने के लिए और टस्क मंच पर उपलब्ध मूल्यांकन प्रपत्रों को भरने के लिए अनुरोध किया गया। सीएमई को कर्नाटक चिकित्सा परिषद (सीएमई), बंगलौर द्वारा 2 अतिरिक्त घंटे दिए गए थे।

2. 13-14 जून 2014 को शासकीय थेनी मेडिकल कॉलेज, थेनी में आयोजित "सैप्कॉन-14 और डब्लयूएचओनेट" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. के. एम. मैत्रे, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजैव विज्ञान विभाग, शासकीय थेनी मेडिकल कॉलेज, थेनी।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के मुख्य उद्देश्यों में पूतिता के निदान और प्रबंधन पर विशेष बल देने के साथ - साथ चिकित्सक और सूक्ष्म जीव विज्ञानियों को दिशा-निर्देशों में हाल में हुए बदलावों से अद्यतन करने के लिए किया गया था। इस सीएमई के अन्य शिक्षण उद्देश्यों में पूतिता के हेतुविज्ञान, रोगजनन, नैदानिक अभिव्यक्तियाँ, प्रसार, निदान, रोकथाम और प्रबंधन और एंटीबायोटिक नीतियों और संक्रमण नियंत्रण उपायों के साथ इसकी जटिलताएँ शामिल थे। इसलिए, यह सीएमई प्रतिभागियों को पूतिता के मामलों का शीघ्र पता लगाने और उचित इलाज से अवगत करवाएगी जिससे अंततः हजारों का जीवन बचाया

जा सकता है और संभवतः पूतिता से होने वाली से मौतों की बढ़ती को नियंत्रित किया जा सकेगा। डब्लयूएचओनेट सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने से उन्नत डेटा विश्लेषण विकल्पों के साथ रोगाणुरोधी प्रतिरोध के मामलों की जांच करने में सूक्ष्म जीव विज्ञानियों और एंटीबायोटिक परिचारकों को सहायता मिलेगी। इसलिए इस कार्यशाला का आयोजन रोगाणुरोधी प्रतिरोध की घटनाओं और प्रसार को नियंत्रित करने में सहायता करेगा।

पर्यवेक्षक (डॉ. एम. के. ललिता, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से लगभग 500 प्रतिभागी जिनमें स्नातक और स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र, सामान्य रोग चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ और आचार्यों शामिल हैं इस राष्ट्रीय सीएमई कार्यशाला से लाभान्वित हुए। प्रत्येक सत्र के दौरान सक्रिय विचार-विमर्श हुआ जिनका अध्यक्षों द्वारा कुशल निर्देशन किया गया। सीएमई कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सकों, सूक्ष्म जीव विज्ञानियों, स्वास्थ्य पेशेवरों को पूतिता के सिंहावलोकन, निदान और पूतिता के प्रबंधन के विषय में चिकित्सा साहित्य में उपलब्ध ताजा जानकारी के बारे में जागरूकता पैदा करना और अद्यतन करना था। कार्यशाला के शिक्षण उद्देश्यों में पूतिता के हेतुविज्ञान, रोगजनन, नैदानिक अभिव्यक्तियाँ, प्रसार, निदान, रोकथाम और प्रबंधन और एंटीबायोटिक नीतियों और संक्रमण नियंत्रण के साथ इसकी जटिलताएँ शामिल थे। डब्लयूएचओनेट सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने से और इससे सूक्ष्म जीव विज्ञानियों और एंटीबायोटिक परिचारकों को प्रशिक्षित करने से उन्नत डेटा विश्लेषण विकल्पों के साथ रोगाणुरोधी प्रतिरोध की घटनाओं की जांच करने में उन्हें इन तकनीकों के व्यवहारिक प्रयोग से सहायता मिलेगी।

3. 8 अगस्त, 2014 को शासकीय मेडिकल कॉलेज, नागपुर में आयोजित "एफएनएसी और स्तन की कोर सुई बायोप्सी" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिवः डॉ. मेहरबानो मुस्तफा कमाल, सह आचार्य, विकृतिविज्ञान विभाग, शासकीय मेडिकल कॉलेज, नागपुर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के मुख्य उद्देश्यों में प्रतिभागियों को यह बताना था कि:

1. सुदम्य और सीमित स्तन घावों के निदान में बायोप्सी की संख्या अथवा द्विचरण प्रक्रिया को कैसे कम किया जाए।
2. कोशिका विज्ञान के उन मामलों की पहचान करना जहां बायोप्सी आवश्यक है।
3. उपचार से जुड़े चिकित्सकों और सर्जनों के साथ स्तन कैंसर के लक्षण कारकों (मार्कर) के बारे में बातचीत करना जिससे उन्हें चिकित्सकीय रूपरेखा तय करने में सहायता मिलेगी ।

पर्यवेक्षक (डॉ. प्रेम चोपड़ा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

पूरे महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट, सलाहकार विकृतिविज्ञानियों और सह एवं सहायक आचार्यों सहित 172 विकृतिविज्ञानियों ने सीएमई में भाग लिया। वैज्ञानिक कार्यक्रम 4 सत्रों में आयोजिक किया गया जिनमें इन पर विचार विमर्श किया गया था: (1) कोमल घावों की दुविधाएं: सुदम्य स्तन घावों में कोशिकाविज्ञान चुनौतियां, (2) बारम्बार होना वाले फाइब्रोएडीनोमा, (3) किशोर स्तन घाव, (4) ग्रैन्युलोमैटस स्तन की सूजन और लिम्फोसाईटिक मैस्टोपैथी के सूजन वाले घाव, (5) ग्रैन्युलोमैटस और यक्ष्मा स्तन की सूजन, (6) प्रफलित स्तन रोग (पीबीडी के ऊतकीय आधार और कोशिका विज्ञान (7) अटाइपिया सहित और इसके बिना पीबीडी और डीसीआईएस के इनवेसिव कैंसर से अंतर के महत्व को और डीसीआईएस की ग्रेडिंग के महत्व को समझना, (8) स्तन की कोर सुई बायोप्सी की दो तकनीकों, एफएनएसी और सीएनबी पर भी विस्तार से चर्चा की गई थी (9) दुर्दम स्मियर: उग्र वाहिनी कार्सिनोमा का जटिल स्पेक्ट्रम जिसमें निर्णय लेने की प्रक्रिया के रूप में कोशिका विज्ञान के महत्व पर चर्चा की गई, (10) मस्सेदार घाव - कोशिका विज्ञान में दुविधाएं जिनमें एक मस्सेदार घाव के निदान में समस्याओं और रेडियोलॉजिकल विधि के महत्व और एक मस्सेदार घाव के निदान में अन्य चिकित्सीय विधियों पर बल दिया गया (11) गैरवाहिनी दुर्दमताएँ - खण्डाकार और पेशी उपकला अर्बुद (12) स्तन कैंसर के प्रबंधन में ईआर, पीआर, एचईआर2न्यू आदि विभिन्न रोग प्रतिरोधक मार्कर, उनके नैदानिक और पूर्वचिह्नात्मक महत्व और हाल के रुझानों पर चर्चा की गई (13) स्तनेतर कार्सिनोमा, प्लाज्मा कोशिका स्तन की सूजन, स्तनीय दुर्दम उग्र अर्बुद से स्तन को विक्षेपण और प्राथमिक स्तन पूर्वचिन्हात्मक महत्व पर रोगी-

मामला प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। अंत में एक स्लाइड देखने का सत्र का आयोजन किया गया था जिसमें 100 प्रतिनिधियों को कोशिका विज्ञान, ऊतकविकृतिविज्ञान और सीएनबी और रोगप्रतिरोधक मार्करों आदि, सहित 60 स्थितियों पर 60 सूक्ष्मदर्शीयुक्त व्यावहारिक हॉल में स्लाइड दिखाए गए थे। स्लाइड् के साथ उस विशेष स्लाइड में देखी जा रही अति-सूक्ष्म विशेषताओं के बारे में जानकारी युक्त कार्ड दिखाए जा रहे थे। उन्हें प्रफलित स्तन रोग और डीसीआईएस के कुछ रोचक चुनौतीपूर्ण मामलों के समानांतर कोशिकाविज्ञान और ऊतकविकृतिविज्ञानी स्लाइड्स दिखाए गए थे। सीएमई को भली प्रकार आयोजित किया गया था और आयोजक कार्यशालाओं के आयोजन के विभिन्न पहलुओं से भली-भांति परिचित थे।

प्रतिभागियों काफी उत्साहित थे जोकि चाय और दोपहर के भोजन के समय में भी शिक्षण संकाय के साथ इंटरैक्टिव सत्रों में विशेष रूप से परिलक्षित हो रहा था। यहाँ व्यावहारिक अभ्यास विशेषतया उल्लेखनीय है जिसमें कोशिका विज्ञान और ऊतक विज्ञान दोनों के 40 - 45 मामले (काँच की स्लाइड) देखने के लिए दी गई थीं। प्रत्येक स्लाइड के साथ प्रासंगिक नैदानिक डेटा, वैकृत निष्कर्ष और निदान माइक्रोस्कोप के सामने रखा गया था। मामलों पर चर्चा और निगरानी करने के लिए शिक्षण संकाय आसपास थे। यह अभ्यास देर शाम तक जारी रहा क्योंकि प्रतिभागी मामले की स्लाइड देखने के लिए बहुत उत्साहित थे। कठिन और विवादास्पद मामलों पर पर्याप्त और अत्याधुनिक प्रक्षेप सुविधाओं के साथ चर्चा की गई।

4. 06-07 सितम्बर, 2014 को सशस्त्र सेना मेडिकल कॉलेज, पुणे में आयोजित भारत में "परामर्श सम्पर्क मनोरोग: सीमाओं को जोड़ना" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश, सह आचार्य, मनोरोग विज्ञान विभाग, सशस्त्र सेना मेडिकल कॉलेज, पुणे।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई के मुख्य उद्देश्यों में थे:

- सेना के कोर के अधिकारियों को शिक्षित करना और सशस्त्र बल और नागरिक मनोरोग, कालेजों के चिकित्सा अधिकारियों, मनोरोग के रेजिडेंट और जूनियर मनोचिकित्सकों एवं कार्यरत मनोचिकित्सकों को ज्ञान और कौशल प्रदान करना।
- परामर्श सम्पर्क मनोरोग में खोजी और प्रबंधन के मुद्दों के क्षेत्र में नवीनतम प्रोटोकॉल का प्रसार करना।
- स्नातकपूर्व को विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और दृष्टिकोण पर जागरूक समृद्ध और उन्हें सशक्त करने के लिए एक विशेष प्रश्नोत्तरी सत्र करना।

पर्यवेक्षक (मेजर जनरल (डॉ.) वेलु नायर, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई भली प्रकार आयोजित थी जिसमें विषय के लिए प्रासंगिक एक सुनियोजित कार्यक्रम था जो प्रतिभागियों की जरूरतों को पूरा करता था। वैज्ञानिक सत्र इंटरैक्टिव थे और प्रतिभागियों को उनमें शामिल किया गया था। सीएमई में कुल 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वैज्ञानिक कार्यक्रम में विचार-विमर्श सम्मिलित थे जिसमें समग्र रूप में मानसिक रोगियों में मनोवैज्ञानिक और मानसिक मुद्दों की समझ और प्रबंधन करने की समय की सख्त जरूरत पर बल दिया गया। परामर्श सम्पर्क मनोरोग के हेतुकारक, खोजी और प्रबंधन के मानदंड के समकालीन विषयों पर चर्चा की गई। इन विचार-विमर्श में गत वर्षों में मनोरोग की समझ और अभ्यास के बदलते प्रतिमान पर प्रकाश डाला। मनोवैज्ञानिक कैंसर, न्यूरो मनोरोग, एचआईवी व मनोरोग, मनोवैज्ञानिक सर्जरी, बेरिएट्रिक सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण में मनोवैज्ञानिक मुद्दों, अग्रिम निर्देशों, घरेलू हिंसा, जेल मनोरोग, मनोरोग अंतःस्त्राविकी, मनोरोग में न्यूरोइमेजिंग, बाल यौन शोषण, ऑटिस्म में सामूहिक दृष्टिकोण, अधिगम विकलांगता, सीएल मनोरोग में चिकित्सा-विधिक मुद्दों और सैन्य सी एल मनोरोग में भविष्य के निर्देश पर प्रकाश डाला गया था। मनोरोग "अलकेमिस्ट क्वेस्ट" में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रश्नोत्तरी एक प्रख्यात क्विज मास्टर द्वारा आयोजित की गयी थी। प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य मनोरोग विज्ञान के बारे में आम मिथकों को दूर करने और बेहतर सामुदायिक चिकित्सा सेवा के प्रति मनोरोग ज्ञान की बढ़ती जरूरतों के लिए उन्हें जागरूक करना था। "संज्ञानात्मक पुनर्वास" और "संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी" पर दो कार्यशालाओं ने भारी प्रतिक्रिया अर्जित की और

सभी के लिए, विशेष रूप से नवोदित मनोचिकित्सकों के लिए, अत्यधिक उपयोगी साबित हुई।

5. **25 सितंबर, 2014 को महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम, वर्धा में आयोजित "समुदाय में अभिनव प्रथाएँ - उन्मुख चिकित्सा पेशेवरों की चिकित्सा शिक्षा" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. अंशु, आचार्य, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम, वर्धा।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे:

- स्वास्थ्य पेशेवरों की शिक्षा के लिए सीखने के पर्यावरण के रूप में समुदाय का बड़े पैमाने पर उपयोग करने के महत्व को समझाना।
- अपनी स्थापना में समुदाय उन्मुख चिकित्सा शिक्षा की रूपरेखा बनाना, अनुकूलन करना और आरंभ करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. एन. श्रीनिवास मूर्ति, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

"समुदाय उन्मुख स्वास्थ्य व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रथाओं" पर प्रस्तुत सीएमई कार्यक्रम में विषय के काफी प्रासंगिक विषय शामिल थे। संसाधन व्यक्तियों की पहचान बहुत ही प्रासंगिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके अनुभव के आधार पर की गयी थी। डॉ. अब्राहम ने समुदाय उन्मुख चिकित्सा शिक्षा के विषय को पेश किया और तृतीयक देखभाल सुविधाओं की चार दीवारों से परे स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस विषय पर चर्चा की कि कैसे इसे अंतःविषय बनाने की कोशिश की है जिससे नर्सिंग, फिजियोथैरेपी और पोषण विज्ञान पढ़ रहे छात्र इसे एकीकृत रूप में सीख सकते हैं। डॉ. सुबोध ने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए समुदाय उन्मुख शिक्षा की चुनौतियों और औचित्य पर अपनी प्रस्तुति में समुदाय उन्मुख शिक्षा के सिद्धांतों पर बल दिया और विभिन्न समुदाय आधारित शिक्षण गतिविधियों को योग्यता प्रदान करने के लिए कैसे उपयोग किया जा सकता है इस पर चर्चा की। सभी

तीन केन्द्रों, सीएमसी, वेल्लोर; सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बंगलौर और महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम पर आयोजित किए जा रही समुदाय उन्मुख शिक्षा पर प्रतिभागियों के साथ अत्यधिक पारस्परिक विचार विमर्श किया गया।

6. 08-11 अक्टूबर 2014 को जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पांडिचेरी में आयोजित "नैदानिक सूक्ष्मजैवविज्ञान में निदान विधियों पर तेरहवीं राष्ट्रीय कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. बी. एन. हरीश, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजैवविज्ञान विभाग, जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को निम्न में सक्षम बनाना था:

1. दिनचर्या गतिविधियों में नैदानिक सूक्ष्म जीव विज्ञान के व्याख्यात्मक कौशल का प्रयोग
2. सूक्ष्मजीवों की पहचान करने के लिए सरल नैदानिक परीक्षण करना और एमबीएल और एएमपी सी उत्पादन जैसे रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रकार का लक्षणप्ररुपी पता लगाना।
3. संक्रामक रोगों के लिए आणविक परख की प्रारूपण, प्रदर्शन और व्याख्या।

पर्यवेक्षक (डॉ. एम. के. ललिता, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

भारत के विभिन्न भागों से सूक्ष्म जीव विज्ञान में और कनिष्ठ संकाय, एमडी स्नातकोत्तर, जूनियर और सीनियर रेजीडेंट, शोधार्थी और जेआईपीएमईआर से एमएससी/ एम एल टी के छात्रों साथ ही जेआईपीएमईआर से कुछ चिकित्सकों सहित लगभग 25 प्रतिभागियों को इस राष्ट्रीय कार्यशाला ने लाभान्वित किया। कार्यशालाओं में नैदानिक सूक्ष्म जीव विज्ञान के विभिन्न पहलुओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल थे। वास्तविक कार्यशाला के अलावा सत्र में जेआईपीएमईआर के संकाय सदस्यों द्वारा विषयगत प्रस्तुतियाँ और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर से आमंत्रित अतिथि वक्ताओं के व्याख्यान शामिल थे। विभिन्न रोगाणुओं की पहचान और रोगाणुरोधी प्रतिरोध मार्करों पर रिपोर्टिंग के लिए मामलों की अध्ययन सामग्री भी थी। इसके अलावा नैदानिक सूक्ष्म

जैव विज्ञान में हाल के घटनाक्रम के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। इसके अलावा, पांडिचेरी से एक संकाय द्वारा जैव सूचना विज्ञान पर एक सत्र था। सभी प्रासंगिक जानकारियों की एक सीएमई पुस्तिका सभी प्रतिभागियों को प्रदान की गई।

7. **1-2 नवम्बर, 2014 को जे. एन. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, एएमयू, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित "आम चिकित्सा विकारों में भेषज-सह-चिकित्सा अद्यतन - एक तर्कसंगत दृष्टिकोण" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. फरीदा अहमद, आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, जे. एन. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, एएमयू, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे:

1. आम चिकित्सा विकारों के उपचार में हाल ही के दिशा निर्देशों / प्रोटोकॉल को उजागर करना।
2. सामान्य रूप में और चर्चाधीन आम चिकित्सा विकारों के लिए तर्कसंगत दवा लेखन की समझ का निर्माण करना।
3. तर्कहीन दवा लेखन और उसके परिणामों पर चर्चा करना।
4. दवाओं के पर्चे में तर्कसंगत दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।
5. रोगियों के लाभ के लिए दवा लेखन के ज्ञान और निर्धारित पैटर्न में समग्र सुधार लाना ।

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न मेडिकल कालेजों में भेषजगुण विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर और कनिष्ठ संकाय सदस्यों सहित कुल 89 प्रतिभागी पंजीकृत किए गए थे। इसके अलावा, आधारभूत और नैदानिक चिकित्सा संकाय सदस्यों और अर्ध-नैदानिक स्नातक छात्रों ने भी सीएमई में भाग लिया। सभी प्रतिभागी बहुत उत्साहित थे क्योंकि उनमें से कईयों ने उचित प्रश्न पूछे जिनका उत्तर वक्ताओं और संसाधन व्यक्तियों द्वारा दिया गया। दो दिनों में शामिल सभी विचार-विमर्श और

व्याख्यान बहुत जानकारीपूर्ण थे और एक अद्यतन वैज्ञानिक साक्ष्य - आधारित, ज्ञान सभी वक्ताओं द्वारा प्रदान किया गया। सभी विचार-विमर्श इंटरैक्टिव थे और कई बार तो सवाल और जवाब इतने अधिक थे कि आयोजकों को चाय सत्र में कटौती करनी पड़ी और कई बार वैज्ञानिक उत्साह और प्रतिभागियों का उत्साह बनाए रखने के लिए व्याख्यान थिएटर में ही चाय देनी पड़ी।

8. **19 - 20 नवंबर 2014 को जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुद्दुचेरी में आयोजित भारतीय तर्कसंगत भेषज-सह-चिकित्सा समाज के छठे राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन- आईएसआरपीटीकॉन 2014 के पूर्व सम्मेलन सीएमई के रूप में आयोजित "अनुसंधान क्रियाविधि और सांख्यिकी पर कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. आर. रविंद्रन, आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुद्दुचेरी ।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

यह कार्यशाला शोध पद्धति और जैव सांख्यिकी सीखने की अवस्था में शोधकर्ताओं के लिए बहुत उपयोगी होगी। प्रतिभागियों को अनुसंधान विधियों और जैव सांख्यिकी पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जैव सांख्यिकी सॉफ्टवेयर उपकरणों की उपयोगिता को भी संबोधित किया जाएगा क्योंकि यह वर्तमान समय के लिए प्रासंगिक है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागी इनमें सक्षम होगें: (1) शोध के एक बुनियादी अध्ययन के प्रारूपण के लिए (2) उचित सांख्यिकीय तरीकों का चयन करने के लिए (3) सॉफ्टवेयर उपकरण का उपयोग कर डेटा का विश्लेषण करने के लिए और (4) शोध की उचित समीक्षा करने के लिए।

पर्यवेक्षक (डॉ. सी. आदितन, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कुल 95 स्नातकोत्तर छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। पूर्व और बाद की परीक्षा मूल्यांकन के स्कोर में एक अत्यंत महत्वपूर्ण सुधार देखा गया। कार्यशाला बहुत अच्छी तरह से सुनियोजित और एक व्यवस्थित तरीके से आयोजित की गई। माहौल बहुत अच्छा था और प्रतिभागियों और संसाधन कर्मियों बिना किसी बाधा या व्यवधान के उत्साह से बातचीत करने में सक्षम थे। पूरा कार्यक्रम समय की बर्बादी के बिना एक

पाबंद तरीके से आयोजित किया गया था। साहित्य की खोज करना, एक शोध समस्या की पहचान, अध्ययन का डिजाइन और आयोजन, नमूने के आकार की गणना करना और एनोवा की केंद्रीय प्रवृत्ति को मापने के लिए वर्णनात्मक और आनुमानिक सांख्यिकी और प्रतिगमन आदि,जैसे सांख्यिकीय परीक्षणों पर केंद्रित व्याख्यान थे। प्रत्येक व्याख्यान के बाद विषय पर एक समूह कार्य और शिक्षकों के साथ बातचीत थी। छात्रों से उनके शोध प्रबंध विषयों के बारे में पूछा गया और उनके अध्ययन के डिजाइन पर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों को उन्नत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और नमूने के आकार की गणना के लिए उपयोगी वेबसाइटों से परिचित करवाया गया। प्रतिनिधियों को ग्राफपैड प्रिज्म में प्रशिक्षित किया गया और जेआईपीएमईआर शैक्षणिक केंद्र के ई-लर्निंग केंद्र पर इंटरनेट से जुड़े हुए 55 कंप्यूटर का उपयोग कर व्यक्तिगत रूप से छात्र 'टी' परीक्षण, मान व्हिटनी 'यू' परीक्षण और विलकॉक्सॉन परीक्षण करना सिखाया गया था।

9. **24-25 जनवरी**, 2015 **को रंगराया मेडिकल कॉलेज**, **जीजीएच कैम्पस**, **काकीनाड़ा में आयोजित "प्रतिरक्षा विज्ञान पर कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. के. आर. एल. सूर्या किराणी, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजैव विज्ञान विभाग, रंगराया मेडिकल कॉलेज, काकीनाड़ा ।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

स्नातकोत्तर छात्रों को किसी भी व्यावहारिक जोखिम के बिना प्रतिजन निकासी, कोटिंग तरीकों का एक अस्पष्ट अनुमान होता है। सीएमई विचार-विमर्श के अनुभव और बातचीत उनके सवालों को स्पष्ट करेंगे और व्यावहारिक प्रदर्शन उनके ज्ञान को समृद्ध करेंगे। सभी अतिथि व्याख्यान, प्रस्तुतियों, प्रदर्शनों के बाद प्रतिभागियों और संकाय में सक्रिय बातचीत की जाएगी। सीएमई प्रचारित ज्ञान को प्रतिनिधियों को सही तरीके से प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रतिभागी इसमें सक्षम हो जाएंगे (1) अपने संबंधित संस्थानों में एक बुनियादी प्रतिरक्षा विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना करने, और (2) रोगों के एक विशेष समूह के लिए स्वदेशी किट के विकास पर ध्यान केंद्रित करने। नए कौशल को संक्रामक रोगों के बेहतर निदान के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

पर्यवेक्षक (डॉ. गीता के. वेमुगणति, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कार्यक्रम आयोजन टीम द्वारा अच्छी तरह से कल्पित और अच्छी तरह से आयोजित किया गया था। वक्ताओं की सूची, चुने हुए विषय सूक्ष्म जीव विज्ञान, विकृति विज्ञान और अन्य चिकित्सीय विशेषता के विषयों की विभिन्न धाराओं से स्नातकोत्तर छात्रों के लिए प्रासंगिक थे। बैठक में 70-80 स्नातक/ स्नातकोत्तर छात्र और कनिष्ठ शिक्षक भी उपस्थित थे। इसका मूल उद्देश्य प्रतिरक्षा विज्ञान में बुनियादी और उन्नत तकनीक सिखाना था। व्याख्यान अच्छे थे और प्रतिरक्षा विज्ञान के बुनियादी और उन्नत दोनों पहलुओं पर भलीभांति बल देते थे। हालांकि, व्याख्यान के दौरान छात्रों के साथ बहुत ही सीमित बातचीत हुई थी। लेकिन 4 काम स्टेशनों पर प्रदर्शन में अच्छी उपस्थिति थी और इंटरैक्टिव थे। इन स्टेशनों पर छात्रों को सवाल पूछने और उनके संदेहों को स्पष्ट करने के लिए अवसर प्रदान किया गया। संकाय ने भी अवलोकन किया कि चर्चाओं में छात्रों की भागीदारी बहुत सीमित थी और इसे और अधिक होना चाहिए था। 2 बाहरी आमंत्रित संकाय का न आना भी टीम के लिए एक चिंता का विषय था हालांकि प्रतिभागियों को संलग्न करने के लिए कार्यक्रम को संशोधित करने के लिए वरिष्ठ संकाय और दूसरों को तुरंत बुलाया गया था।

10. **21 फ़रवरी 2015 को सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बंगलौर, कर्नाटक में आयोजित "हिर्स्चस्प्रुंग रोग और संबद्ध विकारों के निदान पर 5वीं राष्ट्रीय प्रायोगिक कार्यशाला (2015)" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. उषा किनी, आचार्य, विकृति विज्ञान विभाग, सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बंगलौर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

1. हिर्स्चस्प्रुंग रोग और संबद्ध विकारों कार्यशाला के शल्य चिकित्सा निदान में आंत्र बायोप्सी के लिए ऊतक-विकृतिविज्ञानी एवं ऊतक-रसायनिक स्टेनिंग की तकनीकी विशिष्टताओं में एक टीम के रूप में विकृतिविज्ञानियों और बाल शल्य चिकित्सक

को प्रशिक्षित करना। कार्यशाला के इस उद्देश्य से सेंट जॉन केंद्र का लक्ष्य परिधि से इन केंद्रों पर पहुंचने वाले संदिग्ध एच.डी. मामलों से बायोप्सी प्रक्रिया करने के लिए बुनियादी ढांचे और मानव शक्ति के साथ राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न नोडल केन्द्रों का विकास करना है ताकि मामलों का समुचित प्रबंधन और शीघ्र उपचार किया जा सके।

2. पूरे भारत में विकृतिविज्ञानियों एवं बाल शल्य चिकित्सकों और मेडिकल कॉलेजों के संबंधित संकाय को भी अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को अद्यतन करने और भारत में एक सरल प्रयोगशाला के अनुरूप संशोधित उच्च तकनीकों का प्रायोगिक अनुभव मिलने से लाभ होगा। ये तकनीकें शिक्षकों द्वारा पर्याप्त रूप से जांची गई, मानकीकृत और साहित्य में प्रकाशित हैं।

पर्यवेक्षक (डॉ. गीता के. वेमुगणति, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 23 प्रतिभागी थे। वैज्ञानिक सत्र इंटरैक्टिव थे। चुनौतीपूर्ण मामले परिदृश्यों पर विचार विमर्श के साथ एसीटिलकोलाइनस्टिरेस एंजाइम ऊतकरसायनशास्त्र स्टेनिंग में प्रायोगिक प्रशिक्षण भी था। सभी प्रस्तुतियां अच्छी, साक्ष्य आधारित थीं और प्रतिनिधियों द्वारा भली प्रकार से स्वीकृत थीं। एच.डी. के विकृति-शरीरक्रिया विज्ञान, एके स्टेनिंग में तकनीकी समस्याएं और दुर्दम्य कब्ज पर व्याख्यान उत्कृष्ट थे।

11. **17 मार्च 2015 को जे.एन. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, एएमयू, अलीगढ़, (उत्तर प्रदेश) में आयोजित "नई इमेजिंग युग में शरीर रचना विज्ञान" पर कार्यशाला के रूप में सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. सैयद मोबशीर यूनुस, शरीर रचना विज्ञान विभाग, जे.एन. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, एएमयू, अलीगढ़, (उत्तर प्रदेश)।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

1. स्नातकोत्तर छात्र (कनिष्ठ, वरिष्ठ), कॉलेजों के संकाय सदस्यों और अभ्यासरत डॉक्टरों को सामान्य शरीर रचना विज्ञान के महत्व के बारे में अवगत करवाना।
2. विभिन्न रोग स्थितियों में अंग प्रणालियों में होने वाली विविधताओं के बारे में चर्चा करना ।
3. शारीरिक संरचनाओं की रेडियोधर्मी व्याख्या की समझ का निर्माण करना।
4. रोगी के लाभ के लिए सही निदान करने के लिए रेडियोधर्मी निष्कर्षों की व्याख्या में समग्र रूप से सुधार करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. कृष्णा गर्ग, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई को अच्छे वातावरण में आयोजित किया गया, प्रतिभागी सीखने के इच्छुक थे। वैज्ञानिक कार्यक्रम सुनियोजित और पूरी गंभीरता से आयोजित किए गए। दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति की गुणवत्ता बहुत अच्छी थी। सीएमई कार्यक्रम के विषय बहुत विचार-विमर्श के बाद चुने गए थे और वक्ता वरिष्ठ और अपने संबंधित क्षेत्रों में बहुत जानकार थे। प्रस्तुतियों की संख्या साक्ष्य आधारित थी। यहां तक कि प्रतिभागियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें शरीर रचना विज्ञान, विकिरणविज्ञान और सामान्य चिकित्सा विज्ञान के अन्य रोचक तथ्यों की जानकारी का मूल्यांकन किया गया। प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

दिनांक **01.04.2014** से **31.03.2015** तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के तहत अनुदान दर्शाती विवरणी

क्र.सं.	*विषय*	*स्वीकृत राशि (रुपए)*
1.	**"चिकित्सा शिक्षा में ई-लर्निंग - एक विहंगम दृश्य"** पर सीएमई कार्यक्रम बंगलौरः 4 अप्रैल, 2014	50,000/-
2.	"**सैप्कॉन-14 और डब्लयूएचओनेट**" पर सीएमई कार्यक्रम थेनीः 13-14 जून, 2014	69,634/-
3.	"**एफएनएसी और स्तन की कोर सुई बायोप्सी**" पर सीएमई कार्यक्रम नागपुरः 8 अगस्त, 2014	70,165/-
4.	**"परामर्श सम्पर्क मनोरोग: सीमाओं को जोड़ना"** पर सीएमई कार्यक्रम पुणे: 06-07 सितम्बर, 2014	75,000/-
5.	"**समुदाय में अभिनव प्रथाएँ - उन्मुख चिकित्सा पेशेवरों की चिकित्सा शिक्षा**" पर सीएमई कार्यक्रम सेवाग्राम, वर्धाः 25 सितंबर, 2014	52,500/-
6.	"**नैदानिक सूक्ष्मजैवविज्ञान में निदान विधियों पर तेरहवीं राष्ट्रीय कार्यशाला"** पर सीएमई कार्यक्रम पांडिचेरीः 08-11 अक्टूबर 2014	75,000/-

क्र.सं.	*विषय*	*स्वीकृत राशि (रुपए)*
7.	**"आम चिकित्सा विकारों में भेषज-सह-चिकित्सा अद्यतन - एक तर्कसंगत दृष्टिकोण"** पर सीएमई कार्यक्रम अलीगढ़ः 1-2 नवम्बर, 2014	75,000/-
8.	**"अनुसंधान क्रियाविधि और सांख्यिकी पर कार्यशाला"** पर सीएमई कार्यक्रम पुद्दुचेरीः 19-20 नवंबर 2014	69,500/-
9.	**"प्रतिरक्षा विज्ञान पर कार्यशाला"** पर सीएमई कार्यक्रम काकीनाड़ाः 24-25 जनवरी, 2015	64,561/-
10.	**"हिर्स्चस्प्रुंग रोग और संबद्ध विकारों के निदान पर 5वीं राष्ट्रीय प्रायोगिक कार्यशाला (2015)"** पर सीएमई कार्यक्रम बंगलौर: 20-21 फरवरी, 2015	75,000/-
11.	**"नई इमेजिंग युग में शरीर रचना विज्ञान"** पर सीएमई कार्यक्रम अलीगढ़ः 17 मार्च 2015	63,310/-

चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान कार्यक्रम (स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास)

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के अधीन स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास के क्षेत्र में अकादमी द्वारा संवर्धित कार्यकलापों में से एक है-कनिष्ठ स्तरों और मध्यम स्तरों पर "चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान"।

अकादमी कनिष्ठ और मध्यम स्तर के विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों को सुस्थापित उत्कृष्टता केंद्र पर जाने के लिए और नए कौशल प्राप्त करने के लिए निधि उपलब्ध कराता है। इस योजना के अंतर्गत चयनित नामिती यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति (वास्तविक द्वितीय श्रेणी एसी टू-टियर रेल किराया तक सीमित) और 5000/- रुपए की अधिकतम सीमा के अधीन प्रशिक्षण अवधि के दौरान 300/- रुपए प्रतिदिन की दर पर दैनिक भत्ता के पात्र हैं। वर्तमान वर्ष 2014-15 में अब तक 7 चिकित्सा वैज्ञानिकों/ शिक्षकों ने सुविधाओं का लाभ उठाया है जिन्होंने नैम्स से अनुदान सहायता प्राप्त कर अपना प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया है।

अनुबंध- IV

01.04.2014 से 31.03.2015 तक अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. 24 मई 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में आयोजित **"आपदाओं और आपात चिकित्सा के लिए अस्पताल-पूर्व प्रतिक्रिया का विकास"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

   संचालन अधिकारी: डॉ. गिरीश कुमार सिंह, निदेशक, एम्स, पटना

   सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

   संगोष्ठी का उद्देश्य था कि सीएमई के अंत में, प्रतिभागियों को निम्नलिखित विशिष्ट क्षेत्रों में ज्ञान हासिल होगा: 1) भारतीय परिदृश्य में समस्या के प्रकार और भयावहता के बारे में जागरूकता का प्रदर्शन; 2) जीवन के लिए खतरनाक चोटों की पहचान करना और बुनियादी देखभाल प्रदान करना; 3) एक अनुक्रमिक तरीके से देखभाल प्रदान करने के महत्व को समझना - ए (यरवे), बी (रीथिंग), सी (रकुलेशन), डी (इसेबिलिटी); 4) स्थिरीकरण, घायल के परिवहन, सुई असंपीड़न, छाती ट्यूब वक्ष छेदन, सुई क्रीकोडायरेटोथोमी, स्पलिंटिग, रक्तस्त्राव के नियंत्रण, कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन और आघात के लिए ध्यान केंद्रित मूल्यांकन सोनोग्राफी का प्रदर्शन; 5) आम जनता और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ बातचीत में संवाद कौशल और आपदा प्रबंधन में परिवहन की सुविधा के लिए सटीक प्रोटोकॉल निर्देश निर्धारित करने के लिए कौशल; 6) एक आपदा दृश्य के प्रबंधन और सुरक्षित परिवहन को सहायता के लिए बुलाना जैसे कौशल; 7) अभ्यास ट्राइएज परिदृश्य।

   पर्यवेक्षक (डॉ. पी. के. दवे, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी के उद्देश्यों को पूरा किया गया और प्राकृतिक व मानव आपदाओं के मध्य अंतर और उससे निपटने के लिए रणनीति पर भी प्रकाश डाला गया था। उद्देश्यों को सम्पूर्णतया और व्यापक तरीके से पूरा किया गया था। आयोजकों ने अच्छी तरह प्रलेखित अधिगम संसाधन सामग्री प्रदान नहीं की। कुल उपस्थिति 246 थी और लगभग सभी ने संगोष्ठी में भाग लिया। प्रश्नों को हल करने के लिए और प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र थे। इंटरैक्टिव सत्र और लघु समूह शिक्षण गतिविधियां थीं। प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रदर्शन / प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया। पाठ्यक्रम संकाय द्वारा प्रस्तुति उत्कृष्ट थी, कार्यक्रम में राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए योजना और जिलों और परिधीय क्षेत्रों में सभी गतिविधियों का समन्वय पर प्रकाश डाला। आपदा प्रबंधन अधिनियम (2005) का भी उल्लेख किया गया था। सीएमई कार्यक्रम के दौरान प्रयुक्त श्रव्यदृश्य व्यवस्था पर्याप्त थी। उपलब्ध कराई गई जानकारी अंशतः साक्ष्य आधारित थी।

2. 10 अगस्त 2014 को मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई में आयोजित **"तंत्रिकाकर्णविज्ञान"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी।

संचालन अधिकारीः प्रो. जी. गणनाथन, निदेशक एवं आचार्य, ईएनटी विभाग, मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

संगोष्ठी का उद्देश्य था कि सीएमई के अंत में, प्रतिभागियों को निम्नलिखित विशिष्ट क्षेत्रों में ज्ञान हासिल होगा: 1) भारतीय जनसंख्या में सिर में चक्कर आना के मामलों और व्यापकता के व्यापक ज्ञान का प्रदर्शन और विश्व के अन्य भागों, विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया से इसी तरह के आंकड़ों के साथ तुलना करना; 2) परिधीय और केंद्रीय मूल के सिर के चक्कर के महत्वपूर्ण कारणों की सूची बनाना और इन कारणों में से प्रत्येक के सापेक्ष महत्व का वर्णन; 3) एक रोगी में संभव निदान पर ध्यान केंद्रित करने के इरादे के साथ नैदानिक लक्षण और संकेत के स्पेक्ट्रम की व्याख्या;

4) सिर के चक्कर के रोगी के मूल्यांकन के लिए उपलब्ध विभिन्न नैदानिक प्रक्रिया और प्रोटोकॉल के सापेक्ष महत्व का वर्णन; 5) किसी मरीज की जरूरत के लिए अनुकूलित संतुलन अभ्यास के रूप में संभव चिकित्सकीय रूपरेखा सहित एक प्रबंधन प्रोटोकॉल की रूपरेखा तैयार करना; 6) जोर पेशेवरों और अर्धपेशेवरों के प्रत्येक वर्ग की भूमिका की पहचान करते हुए सिर के चक्कर के निदान और प्रबंधन में सामूहिक काम की भूमिका; 7) सिर के चक्कर के साथ संबद्ध प्रारंभिक लक्षणों के समूह को समझने और जांच और प्रबंधन के लिए एक विशेष केंद्र के लिए उचित समय पर सिफ़ारिश को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा जगत को प्रोत्साहित करना; 8) सिर के चक्कर के रोगी के निदान में और शीघ्र प्रबंधन प्रारंभ करने में समूह अधिगम और प्रायोगिक महत्व को समझना।

पर्यवेक्षक (**डॉ. मोहन कामेस्वरन**, **एफएएमएस**) **की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

क्षेत्रीय संगोष्ठी एक भारी सफलता थी। न केवल पंजीकरण कराने वालों की संख्या ही हमारे प्रारंभिक अनुमान से कहीं अधिक थी अपितु सभागार भी आरंभ से अंत तक खचाखच भरा हुआ था। प्रतिभागी बहुत इंटरैक्टिव थे और प्रस्तुतियों और बातचीत की गुणवत्ता बहुत उत्कृष्ट थी। संगोष्ठी का उद्देश्य सिर के चक्कर के प्रसार, रोगजनन के कारण, जांच और प्रबंधन के विषय में ज्ञान प्रदान करना था। वीडियो नेत्रगतिलेखन और वीडियो नेत्रकम्पनलेखन जैसे हाल ही के नैदानिक जांचों में प्रायोगिक प्रशिक्षण देना था। संगोष्ठी के उद्देश्यों को पूरा किया गया। व्याख्यानों में तंत्रिका कर्णविज्ञान के क्षेत्र में रुचि के व्यापक क्षेत्र शामिल थे और छात्रों को स्थितीय परीक्षण और एप्लीस 'मैनोवर विद्युत नेत्रकम्पनलेखन' आदि जैसी बुनियादी नैदानिक परीक्षण सहित वीडियो नेत्रगतिलेखन जैसे नए नैदानिक क्षेत्रों में विस्तृत प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। सभी छात्रों और पंजीकरण कराने वालों को अधिगम स्त्रोत सामग्री दी गई थी और व्याख्यान और प्रदर्शनों की एक सीडी हर प्रतिभागी को निःशुल्क दी गई। पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या 182 थी जो कार्यक्रम के दौरान आम तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में न केवल शिक्षाप्रद व्याख्यान शामिल थे अपितु यह व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र और व्यावहारिक सत्र सहित व्यापक था। प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रदर्शन / प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पाठ्यक्रम

संकाय द्वारा प्रस्तुति बहुत उच्च गुणवत्ता की थी। श्रव्यदृश्य व्यवस्था भी अच्छी थी। समग्र सीएमई कार्यक्रम बहुत अच्छा था। क्षेत्रीय संगोष्ठी में सभी दक्षिणी राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया, अधिकतर प्रतिभागी शिक्षण संस्थानों से स्नातकोत्तर छात्र थे और युवा संकाय सदस्य और कुछ चिकित्सक भी वहाँ थे। प्रारंभ से ही कार्यक्रम में समय का कड़ाई से पालन किया गया था। विषय अच्छी तरह से नियोजित था और संकाय प्रख्यात शिक्षाविद् थे।

3. 7 सितंबर, 2014 को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंडीगढ़ में आयोजित **"सामान्य चिकित्सकों के लिए आंत्र सूजन रोग"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी।

संचालन अधिकारीः डॉ. अतुल सचदेवा, निदेशक/ प्रधानाचार्य, सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंडीगढ़।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आंत्र सूजन रोग की नैदानिक प्रस्तुति और अन्य जठरांत्र संबंधी विकारों से इसके अंतर का अभ्यासरत चिकित्सकों, छात्रों, शिक्षकों को अवलोकन प्रदान करना था।

1. रोगजननहेतु: चिकित्सा के लिए आधार।
2. जांच
3. प्रबंधन सिद्धांत: साधारण से विशेष परहेज
4. शल्य चिकित्सा आपात स्थिति जैसी विशेष स्थितियों में आईबीडी
5. पैनल चर्चा

संगोष्ठी के अंत में प्रतिभागी पूर्ण विश्वास और लागत प्रभावी ढंग से आईबीडी का निदान, जांच और इलाज, साथ ही जठरांत्र रोग विज्ञानी या शल्य चिकित्सक द्वारा आगे के मूल्यांकन के लिए समय पर और उचित रेफरल करने में सक्षम हो जाएंगे।

पर्यवेक्षक (डॉ. योगेश चावला, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी का उद्देश्य पूरा किया गया था। अच्छी तरह प्रलेखित अधिगम संसाधन सामग्री प्रदान की गई। पंजीकृत प्रतिभागी 148 थे जिसमें 76 स्नातकपूर्व, 57 स्नातक एवं स्नातकोत्तर, संकाय और 15 अर्धचिकित्सीय या नर्सें थे। सभी व्याख्यानों के बाद इंटरैक्टिव सत्र थे और प्रतिभागियों द्वारा अच्छी और सक्रिय भागीदारी स्पष्ट थी। सभी सत्र इंटरैक्टिव थे। संदेहों को स्पष्ट करने के लिए सत्र के अंत में एक पैनल चर्चा हुई। शैक्षणिक चर्चा को बेहतर बनाने के लिए सीएमई आयोजकों ने अध्यक्षों के रूप में स्थानीय और क्षेत्रीय मेडिकल कॉलेजों से संकाय और स्थानीय अभ्यासरत जठरांत्र विज्ञानियों को आमंत्रित किया था। पाठ्यक्रम संकाय द्वारा दी गईं प्रस्तुतियाँ उत्कृष्ट थीं। कार्यक्रम के दौरान प्रयुक्त श्रव्यदृश्य व्यवस्था उत्कृष्ट थी। उपलब्ध कराई गई जानकारी साक्ष्य आधारित थी।

नैम्स पर्यवेक्षक ने टिप्पणी की थी वर्तमान सीएमई गत वर्ष की आयोजित कमियों पर बनायी गयी थी। आयोजकों ने संकाय, प्रतिनिधियों और छात्रों / पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ के लिए एक सुव्यवस्थित पंजीकरण प्रक्रिया रखी थी। अधिक संख्या में और विविध प्रतिनिधि उपस्थित थे। संकाय और प्रतिनिधियों के बीच बातचीत भी सभी के लिए बहुत जानकारीपूर्ण थी।

प्रमुख शिक्षण बिंदुओं को दोहराया जाना चाहिए और दोबारा गौर किये गए क्षेत्रों का पता होना चाहिए। वक्ताओं को स्नातक पूर्व, स्नातकोत्तर और विशेषज्ञों के लिए क्षमता के स्तर पर प्रकाश डालना चाहिए और साथ ही सिफ़ारिश के संकेतक की पहचान करनी चाहिए।

4. 17 अक्टूबर 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में आयोजित **"मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता"** पर क्षेत्रीय संगोष्ठी।

संचालन अधिकारी: प्रो. जे. एस. बजाज, अध्यक्ष, शैक्षिक समिति, नैम्स, नई दिल्ली एवं स्थानीय समन्वय अधिकारी डॉ. राज कुमार, निदेशक, एम्स, ऋषिकेश।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य 1) देश के विभिन्न भागों में शराब की खपत के प्रसार के व्यापक ज्ञान को दर्शाना और शराब का प्रयोग करने के लिए अग्रणी विभिन्न कारणात्मक कारक और संबंधित विकार हैं; 2) समुदाय में रोगियों में मदिरापान के विकारों को पहचानना और सार्वजनिक / निजी क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रबंधन की विधा था; 3) मदिरापान के चिकित्सीय, प्रसूति, पोषण, संज्ञानात्मक और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विकारों का निदान; 4) इस तरह के मामलों में गैर जटिल मामलों के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के प्रबंधन के लिए अपेक्षित प्रोटोकॉल का वर्णन और जटिल मामलों को ऐसे मामलों से निपटने वाले प्रासंगिक माध्यमिक / तृतीयक देखभाल की सुविधा / विशेषज्ञों को भेजने के मानदंड; 5) शराब से संबंधित समस्याओं के रोगियों को परामर्श देना और उनके परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना; 6) स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक क्षेत्रों जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, और मानव संसाधन विकास मंत्रालय आदि के बीच अंतर-विभागीय सरकारी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए बहु-व्यावसायिक रणनीति का प्रस्ताव; 7) सफल नशा मुक्ति के बाद रोगियों के सामाजिक पुनर्वास के लिए सुविधाएं स्थापित करना; 8) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की भूमिका और देश में शराब की खपत कम करने के लिए हस्तक्षेप रणनीतियों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना; 9) साक्ष्य-आधारित सिफारिशों का प्रस्ताव करना जो अपेक्षित राष्ट्रीय नीति तैयार करने को सशक्त करेगा।

पर्यवेक्षक (**डॉ. हरदास सिंह संधु**, **एफएएमएस**) **की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

संगोष्ठी बहुत अच्छी तरह से दैनंदिन आम समस्याओं पर आयोजित की गई थी। सभी व्याख्यान अच्छे थे। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शराब की खपत की समस्या को उजागर करना और शराब के हानिकारक प्रभावों के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक बनाना और उनका प्रबंधन और इस विषय पर एक राष्ट्रीय नीति का निर्माण करना और ग्रस्त मरीजों की सहायता करना था। संगोष्ठी के उद्देश्यों को पूरा किया गया। प्रतिभागियों में

से कुछ ने लघु व्याख्यान और अधिक चर्चा का सुझाव दिया। अधिगम संसाधन सामग्री सभी प्रतिभागियों को प्रदान की गयी। पंजीकृत प्रतिभागियों की कुल संख्या 158 थी और 110-130 प्रतिभागी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। कार्यक्रम में केवल शिक्षाप्रद व्याख्यान थे। बहुत सी इंटरैक्टिव चर्चा, प्रश्न और प्रति-प्रश्न थे। व्यावहारिक समस्याओं के बारे में सुझाव दिए गए। पाठ्यक्रम संकाय द्वारा प्रस्तुति बहुत ही अच्छी थी। कार्यक्रम के दौरान प्रयुक्त श्रव्यदृश्य व्यवस्था उत्कृष्ट थी। जानकारी साक्ष्य आधारित थी।

5. 29 नवंबर, 2014 को श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर में आयोजित **"मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र की सौम्य और घातक विकृतियाँ"** पर सीएमई कार्यक्रम।

संचालन अधिकारी: डॉ. सी. एस. बाल, प्रधानाचार्य, श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी निम्नलिखित में सक्षम होंगे 1) सौम्य / घातक विकृतियों के शीघ्र निदान की आवश्यकता को समझना और विकृति को कम करने के लिए शीघ्र एक प्रारंभिक उपचार योजना बनाना और त्वरित पुनर्वास योजना पर अमल करना; 2) रूप और कार्य को बहाल करने के लिए विभक्ति दोषों के विभिन्न पुनर्निर्माण विकल्पों की प्रस्तावना; iii) विकृति मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र के निदान और प्रबंधन के क्षेत्र में हाल की प्रगति को स्वीकार करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. हरदास सिंह संधु, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी के मुख्य उद्देश्यों में मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र की सौम्य और घातक विकृतियों के निदान विचार की समीक्षा; स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और वैश्विक स्तर पर सौम्य और घातक विकृतियों के निदान में स्क्रीनिंग की भूमिका को समझना; रेशे-अस्थि घावों सहित सौम्य विकृतियों के प्रबंधन की समीक्षा करना; संघाती मुख विकृति विज्ञान की शल्य

चिकित्सा, सहयोगी और पुनर्निर्माण के विकल्प उपचार को समझना। संगोष्ठी में संयोजक द्वारा उल्लिखित उद्देश्यों को काफी सीमा तक पूरा किया गया। सभी प्रतिभागियों को अधिगम संसाधन सामग्री प्रदान की गई। पंजीकृत प्रतिभागी 191 थे और आम तौर पर 170 प्रतिभागी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। सत्र प्रतिभागियों के अच्छे समग्र वातावरण के साथ इंटरैक्टिव थे। पाठ्यक्रम संकाय की प्रस्तुति बहुत ही अच्छी थी। सीएमई कार्यक्रम के दौरान प्रयुक्त श्रव्यदृश्य व्यवस्था उत्कृष्ट थी। जानकारी साक्ष्य आधारित थी।

6. 10 दिसंबर, 2014 को श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर में आयोजित **"टाइप 2 मधुमेह के निदान निवारण और प्रबंधन की उभरती अवधारणाएँ और इसकी सूक्ष्मसंवहनी जटिलताएँ"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी।

संचालन अधिकारी: डॉ. गीता शर्मा, निदेशक-प्रधानाचार्या, श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य:

सीएमई कार्यक्रम के उद्देश्य थे 1) टाइप 2 मधुमेह के स्थापित और उभरते जोखिम कारकों और टाइप 2 मधुमेह के प्राकृतिक इतिहास पर उनके प्रभाव की समीक्षा करना; 2) पूर्व मधुमेह सहित टाइप 2 मधुमेह के नैदानिक मानदंडों को समझना; 3) मधुमेह के रोगजनन में इंसुलिन प्रतिरोध और प्रतिपूरक β-कोशिका के काम की भूमिका और इसकी जटिलताओं को समझना; 4) मधुमेहता और संबंधित चयापचय असामान्यताएं की बदलती स्थिति की निरंतरता के साथ टाइप 2 मधुमेह की सूक्ष्मसंवहनी जटिलताओं के मामलों का सहसंबंध जानना; 5) टाइप 2 मधुमेह और उसकी सूक्ष्मसंवहनी जटिलताओं की रोकथाम और प्रबंधन में जीवन शैली, औषधीय और हस्तक्षेप के अन्य साधनों के उभरते आंकड़ों का मूल्यांकन करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. हरदास सिंह संधु, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

इस संगोष्ठी में के बारे में जानकारी राज्य में सभी चिकित्सा संस्थानों, सिविल सर्जन, आईएमए अमृतसर और आईएमए पंजाब और स्थानीय प्रैक्टिशनर समाज को भेजी गई थी। पंजीकृत प्रतिनिधियों की संख्या स्नातकोत्तर छात्रों / रेजिडेंट और वरिष्ठ रेजिडेंट, सामान्य चिकित्सक और डॉक्टरों, नर्सिंग ट्यूटर, पीसीएमएस में काम कर रहे नर्सिंग कर्मचारी और फार्मासिस्ट और डॉक्टरों को मिलकर 235 थी। कई प्रतिभागियों ने मधुमेह के रोगियों की नर्सिंग देखभाल, मधुमेह में टीबी और बहु अंग रोग / विफलता के रोगियों में मधुमेह के प्रबंधन जैसे इस संगोष्ठी के अनछुए पहलुओं पर एक और विचार गोष्ठी आयोजित करने का सुझाव दिया।

7. 30 जनवरी 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित **"मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता"** पर नैम्स राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यक्रम सामग्री का लागत प्रभावी मान्यकरण।

संचालन अधिकारी: डॉ. संजीव मिश्रा, निदेशक एवं सीईओ, सर्जिकल अर्बुदविज्ञान के आचार्य, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य:

सीएमई कार्यक्रम के उद्देश्य थे 1) देश के विभिन्न भागों में शराब की खपत के प्रसार के व्यापक ज्ञान को दर्शाना और शराब का प्रयोग करने के लिए अग्रणी विभिन्न कारणात्मक कारक और संबंधित विकार; 2) समुदाय में रोगियों में मदिरापान के विकारों को पहचानना और सार्वजनिक / निजी क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रबंधन की विधा; 3) मदिरापान के चिकित्सीय, प्रसूति, पोषण, संज्ञानात्मक और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विकारों का निदान; 4) इस तरह के मामलों में गैर जटिल मामलों के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के प्रबंधन के लिए अपेक्षित प्रोटोकॉल का वर्णन और जटिल मामलों को ऐसे मामलों से निपटने वाले प्रासंगिक माध्यमिक / तृतीयक देखभाल की सुविधा / विशेषज्ञों को भेजने के मानदंड; 5) शराब से संबंधित समस्याओं के रोगियों को परामर्श देना और उनके परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना; 6)

स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक क्षेत्रों जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, और मानव संसाधन विकास मंत्रालय आदि के बीच अंतर-विभागीय सरकारी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए बहु-व्यावसायिक रणनीति का प्रस्ताव; 7) सफल नशा मुक्ति के बाद रोगियों के सामाजिक पुनर्वास के लिए सुविधाएं स्थापित करना; 8) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की भूमिका और देश में शराब की खपत कम करने के लिए हस्तक्षेप रणनीतियों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना; 9) साक्ष्य-आधारित सिफारिशों का प्रस्ताव करना जो अपेक्षित राष्ट्रीय नीति तैयार करने को सशक्त करेगा।

पर्यवेक्षक (डॉ. संजीव मिश्रा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी में के मुख्य उद्देश्यों में सतत व्यावसायिक विकास संसाधन के रूप में डीवीडी के प्रभावकारिता की तुलना करना और बैकबोन इंटरनेट के रूप में राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) का उपयोग कर इसको मान्यता देना था। सीएमई के उद्देश्यों को काफी हद तक पूरा किया गया। प्रतिभागियों को पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के साथ समन्वित श्रव्यदृश्य के माध्यम से दिखायी गयी सभी वक्ताओं की प्रस्तुतियों की पूरी लिपि समाहित अधिगम संसाधन सामग्री की एक पुस्तिका प्रदान की गई। पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या 45 थी जिसमें से 38 आम तौर पर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। यह एक शिक्षाप्रद व्याख्यान नहीं था - यह एक नवीन दृष्टिकोण था जिसमें एम्स ऋषिकेश में आयोजित मदिरापान संगोष्ठी की 7 प्रस्तुतियाँ की रिकार्ड की गई डीवीडी प्रतिभागियों को प्रस्तुत की गई। प्रस्तुतियों को एक कंप्यूटर पर चलाया गया और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर और डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर में उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा लाइव वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देखा गया। इसके अलावा, प्रस्तुतियों को एक व्याख्यान थिएटर में बैठे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर के 200 छात्रों द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के माध्यम से भी उसी समय देखा गया। पूरी बातचीत को अध्यक्षों द्वारा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए नैम्स केंद्र के शिक्षकों द्वारा भी प्रोत्साहित किया गया था। प्रतिभागियों को

व्यावहारिक प्रदर्शन / प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रस्तुतियाँ में वास्तविक जीवन के मामले परिदृश्य सम्मिलित थे जिन पर डॉ. कमल बक्शी, डॉ. पी. डी. गर्ग, डॉ. योगेश चावला, डॉ. आर. के. चड्ढा और पी.डी. गर्ग ने उपयुक्त प्रकाश डाला।

प्रस्तुतियाँ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में 17 अक्टूबर 2014 को "मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता" पर आयोजित नैम्स-अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान राष्ट्रीय संगोष्ठी पर आधारित थीं। प्रस्तुतियों के लिए काम करने की विधि निम्न थी:

1) मदिरापान संगोष्ठी के उद्देश्यों का अच्छी तरह से निर्माण महीनों पहले किया गया

2) वक्ताओं को उनकी विशेषज्ञता के लिए चुना गया और उन्हें एक सारांश तैयार करने को कहा गया था जो अधिगम संसाधन सामग्री के रूप में वितरित किया जाना था।

3) सभी विषयों पर प्रो. जे. एस. बजाज की अध्यक्षता में चर्चा की गई। वितरित री जाने वाली सामग्री को अतिरेक और दोहराव से बचने के लिए विशेष ध्यान के साथ संशोधित किया गया है। यथासंभव संरचित दृष्टिकोण का सुझाव दिया गया था।

4) संगोष्ठी के दिन सभी प्रस्तुतियाँ को वीडियो मिक्सिंग के साथ एचडी वीडियो द्वारा दर्ज किया गया। बारह प्रस्तुतियाँ वक्ताओं की सहमति के साथ रिकार्ड की गई थीं। तैयार डीवीडी की प्रो. जे.एस. बजाज द्वारा समीक्षा की गई। सामग्री और गुणवत्ता के संबंध में सुझाई गई टिप्पणियों को अंतिम डीवीडी में शामिल किया गया। श्रव्यदृश्य उपकरणों का कार्यक्रम के दौरान प्रयोग किया गया है, यह जोधपुर में और भारत में पहली बार है कि सीएमई सत्र इस तरह अभिनव की पद्धति से यहाँ आयोजित किया गया। यहाँ विशेषज्ञों को एक तुल्यकालन विधि में

पावर प्वाइंट स्लाइड के साथ उनकी उच्च गुणवत्ता, स्पष्ट रूप से दिखाई व सुनाई देती प्रस्तुतियों द्वारा बदल दिया गया था। कहीं-कहीं वीडियो स्पष्ट नहीं था, उन स्थानों पर इसे उपयुक्त करने के लिए इसे कई बार सुन कर छात्रों और रेजिडेंट द्वारा तैयार अधिगम संसाधन हैंडबुक से पूरित किया गया था। जानकारी साक्ष्य आधारित थी, प्रस्तुतियाँ विशेषज्ञों द्वारा अपने स्वयं के क्षेत्र में दी गईं, प्रस्तुत आंकड़े पत्रिकाओं पर आधारित थे और साक्ष्य आधारित थे।

8. 1 मार्च, 2015 को स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित **"पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य"** पर नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी।

संचालन अधिकारी: डॉ. एस. के. सिंह, आचार्य, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य:

1) अधिकतर उपेक्षित विषयों के बारे में जागरूकता फैलाना।
2) पुरुषों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के प्रबंधन में बुनियादी दिशा निर्देशों के बारे में चिकित्सकों को शिक्षित करना।
3) लक्षित वर्ग में शरीर रचना विज्ञानी, शरीर-क्रिया विज्ञानी, भेषजगुण विज्ञानी, सामान्य चिकित्सक, मूत्र रोग विज्ञानी, अन्तः स्रावी वैज्ञानिक, मनोचिकित्सक और स्त्री रोग विशेषज्ञ शामिल हैं।

9. 12 मार्च, 2015 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित "**मोटापे की उभरती महामारी - कारण, चिंताएं और परिणाम"** पर क्षेत्रीय संगोष्ठी।

संचालन अधिकारी: डॉ. संजीव मिश्रा, निदेशक, एम्स, जोधपुर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य:

1) मोटापे के नैदानिक मानदंडों का वर्णन, इसके निदान के लिए प्रयुक्त विभिन्न मापदंडों को परिभाषित करना और भारतीय आबादी के लिए प्रासंगिक प्रत्येक पैरामीटर के लिए कट ऑफ अंक,

2) वसाकोशिका के आणविक जीव विज्ञान का वर्णन और इसकी चयापचय भूमिका पर चर्चा,

3) मोटापे के रोगजनन के लिए प्रासंगिक मध्यस्थ चयापचय में एडीपॉकिन्स की भूमिका पर चर्चा,

4) बदलती जीवन-शैली के संदर्भ में मोटापे की व्यापकता में बढ़ती प्रवृत्तियों की व्याख्या और विभिन्न जनसंख्या समूहों में शारीरिक, पोषण और व्यवहार में बदलाव पर उनका प्रभाव

5) मोटापे को संबद्ध सह-रुग्णता के लिए 'खतरे में' कारक के रूप में विचार के पहले के दृष्टिकोण और शीघ्र एवं लंबी अवधि नैदानिक रोगजनन जटिलताओं के साथ मोटापे को एक बीमारी के रूप में पहचानने के नए प्रतिमान के मध्य अंतर को समझना,

6) बचपन के मोटापा के दीर्घकालिक प्रभाव पर चर्चा और प्राथमिक और माध्यमिक रोकथाम की आवश्यकता पर बल देना,

7) भोजन की गुणवत्ता और मात्रा, सुझाए गए हस्तक्षेपों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार चिकित्सा की आवश्यकता, तनाव में कमी, नींद स्वच्छता, शारीरिक गतिविधि, सिगरेट पीना और शराब का भारी सेवन सहित जीवन-शैली के संबंध में विकल्पों पर बल देते हुए मोटापे के प्रबंधन का वर्णन,

8) बेरिएट्रिक सर्जरी की भूमिका, इसके संकेत और मतभेद, और संबद्ध नैदानिक जटिलताओं सहित इसके दीर्घकालिकउपापचयी प्रभाव का वर्णन,

9) मोटापे की रोकथाम और प्रबंधन में प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल की अवधारणा को शामिल करते हुए एक व्यापक योजना की रूपरेखा तैयार करना,

10) सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के एक भाग के रूप में मोटापे की रोकथाम के लिए प्रकाशित, गैर-प्रकाशित और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रासंगिक जानकारी के प्रसार में संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रदर्शन।

पर्यवेक्षक (डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

प्रतिभागी अधिकांश सत्रों में उपस्थित थे, छात्र ध्यान दे रहे थे, रूचि ले रहे थे और प्रश्न पूछ रहे थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैचारिक परिवर्तन करना था - एनसीडी के साथ जुड़े एक जोखिम कारक के रूप में मोटापे से जटिलताओं के रूप में एनसीडी के साथ एक बीमारी के रूप में मोटापे तक। कार्यक्रम के उद्देश्यों को पूरा किया गया। प्रतिभागियों को अधिगम संसाधन सामग्री प्रदान की गई। पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या 180 थी जिसमें से 160 कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। प्रत्येक व्याख्यान के बाद चर्चा की गई थी। प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया। यह अनिवार्य रूप से मोटापा और वस्तुओं में महामारी विज्ञान का पता लगाने और प्रबंधन पर उभरती अवधारणाओं और हाल ही की प्रगति पर पहले और दूसरे नैदानिक छात्रों और रेजिडेंट को अद्यतन करने के लिए एक संगोष्ठी थी। पाठ्यक्रम संकाय द्वारा व्याख्यान / प्रदर्शन की प्रस्तुति बहुत ही अच्छी थी। कार्यक्रम के दौरान प्रयुक्त श्रव्यदृश्य व्यवस्था उत्कृष्ट थी। संकाय मुख्य रूप से स्थानीय संस्थाओं से था और उन्होंने उत्कृष्ट व्याख्यान दिया। चूंकि दर्शकों में अधिकतर छात्र थे, इसलिए यह उचित था। छात्रों के हाल की प्रगतियों के बारे में बहुत कुछ सीखा है।

01.04.2014 से 31.03.2015 तक अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन अनुदान दर्शाती विवरणी

क्र.सं.	विषय	स्वीकृत राशि (रुपए)
1.	**"आपदाओं और आपात चिकित्सा के लिए अस्पताल-पूर्व प्रतिक्रिया का विकास"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी एम्स, पटनाः 24 मई, 2014	52,500/-
2.	**"तंत्रिकाकर्णविज्ञान"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नईः 10 अगस्त 2014	70,000/-
3.	**"सामान्य चिकित्सकों के लिए आंत्र सूजन रोग"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंडीगढ़ः 7 सितंबर, 2014	86,228/-
4.	**"मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता"** पर नैम्स संगोष्ठी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेशः 17 अक्टूबर 2014	30,000/-
5.	**"मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र की सौम्य और घातक विकृतियों"** पर सीएमई कार्यक्रम श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसरः 29 नवंबर, 2014	62,675/-
6.	**"टाइप 2 मधुमेह के निदान निवारण और प्रबंधन की उभरती अवधारणाएँ और इसकी सूक्ष्मसंवहनी जटिलताएँ"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसरः 10 दिसंबर, 2014	70,000/-
7.	**"मदिरापान के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता"** पर आयोजित नैम्स राष्ट्रीय संगोष्ठी	10,500/-

	की कार्यक्रम सामग्री का लागत प्रभावी मान्यकरण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुरः 30 जनवरी 2015	
8.	**"पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य"** पर नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़**:** 1 मार्च, 2015	70,000/-
9.	**"मोटापे की उभरती महामारी"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुरः 12 मार्च, 2015	86,830/-

एनएएमएस अध्याय

उत्तरी क्षेत्र

जम्मू और कश्मीर	डॉ. आर. मदान पूर्व सदस्य, लोक सेवा आयोग जम्मू एवं कश्मीर सरकार	निदेशक, मदान अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, 37 ए/सी, गांधी नगर, जम्मू-180004
चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश	डॉ. योगेश चावला निदेशक, पीजीआईएमईआर, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हेप्टोलोजी विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़-160012	निदेशक, पीजीआईएमईआर आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हेप्टोलोजी विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012
दिल्ली	डॉ. जे.एन. पांडे पूर्व आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, काय चिकित्सा विभाग, अ.भा.आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली-110029	वरिष्ठ परामर्शदाता (कायचिकित्सा), सीताराम भारतीया विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, बी-16, महरौली संस्थागत क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
हरियाणा	एयर मार्शल डॉ. एम.एस. बोपाराय पूर्व निदेशक, एएफएमसी, पुणे, और पूर्व महानिदेशक, सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा, नई दिल्ली	915, डिफेंस कालोनी, सेक्टर-17बी, गुड़गांव- 122001

पंजाब	डॉ. एच.एस. संधू पूर्व प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, अमृतसर	मकान सं. 883, सर्कुलर रोड, नर्स होस्टल के सामने अमृतसर- 143001
उत्तर प्रदेश	डॉ. (श्रीमती) पी.के. मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्या एवं संकायाध्यक्ष, काय चिकित्सा संकाय, 122, फैजाबाद रोड, इंदिरा पुल के पास, लखनऊ-226007	122, फैजाबाद रोड, इंदिरा पुल के पास, लखनऊ-226007

मध्य क्षेत्र

राजस्थान	डॉ. संजीव मिश्रा निदेशक, एम्स, जोधपुर	निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर
मध्य प्रदेश	डॉ. बी.सी. बापना	28, अनूप नगर, इंदौर- 452008

पश्चिम क्षेत्र

महाराष्ट्र	डॉ. एस.एस. देशमुख पूर्व कुलपति, बंबई विश्वविद्यालय, मुम्बई	समर्थ कृपा, राम मंदिर मार्ग, विले-पार्ले (ईस्ट), मुम्बई-400057
गुजरात	डॉ. हरिभाई एल. पटेल	50/322, सरस्वती नगर, वस्त्रपुर, अहमदाबाद-380015

दक्षिण क्षेत्र

तमिलनाडु	डॉ. मोहन कामेस्वरन निदेशक,	मद्रास ईएनटी अनुसंधान प्रतिष्ठान, 1 क्रॉस स्ट्रीट,

	मद्रास ईएनटी अनुसंधान प्रतिष्ठान, चेन्नई	ऑफ मुख्य मार्ग, राजा अन्नामलाईपुरम चेन्नई-600028
केरल	डॉ. वी. मोहन कुमार	8-ए, हीरा गेट अपार्टमेंट डीपीआई जंक्शन, जगथी तिरुवनंतपुरम-695014
कर्नाटक	डॉ. अनुरा विश्वनाथ कुरपद संकायाध्यक्ष, सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान सेंट जॉन राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, बंगलौर	सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान सेंट जॉन राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, बीडीए कॉम्पलैक्स कोरामंगला, बंगलौर-560034
पूर्व क्षेत्र		
पश्चिम बंगाल	डॉ. डी. बक्सी पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, अस्थिरोगविज्ञान विभाग, मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, कोलकाता	डीए-3, सेक्टर-1, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता-700064
उड़ीसा	डॉ. सुरेश्वर मोहंती तंत्रिकाशल्यचिकित्सा आचार्य एवं प्रधानाचार्य, आयुर्विज्ञान संस्थान, सेक्टर-8 कलिंग नगर, भुवनेश्वर	206 डुप्लेक्स, मनोरमा एस्टेट, रसूलगढ़, भुवनेश्वर-751010
बिहार	डॉ. एस.पी. श्रीवास्तव पूर्व आचार्य एवं प्रमुख, बालचिकित्सा विभाग, पटना मेडिकल कालेज एवं	एस-104, उदयगिरी भवन, बुद्ध मार्ग, पटना-800001

	अस्पताल, पटना	
झारखंड	डॉ. सुरेश्वर पांडे	आरजेएसआईओआर, रामेश्वरम, बरियातु रोड, रांची-834009
असम	डॉ. देबी चरण चौधरी	बेजबरुआ रोड, सिलपुखेरी, गुवाहाटी-781003

एनएएमएस के प्रतिष्ठित आचार्य

वर्ष 2014-15 में नैम्स के प्रतिष्ठित आचार्यों द्वारा दिए गए व्याख्यान/ सारांश की रिपोर्ट

1. **डॉ. श्रीधर शर्मा, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिया व्याख्यानों का सारांश।**

क) 7 जुलाई, 2014 को दिल्ली में "चिकित्सा पद्ति में उभरते हुए नैतिक मुद्दे"

नीतिशास्त्र मानव आचरण में नैतिकता का विज्ञान है और इसमें एक नैतिक सिद्धांत या कोड (ऑक्सफोर्ड शब्दकोश) भी समाहित है। नैतिकता शब्द में मानव आचरण का संपूर्ण स्पेक्ट्रम शामिल हैं। नैतिकता लोगों को स्वयं के हित की तुलना में श्रेष्ठ एक उद्देश्य के द्वारा अनवरत है। ऐतिहासिक दृष्टि से चिकित्सा में नैतिकता ने हिप्पोक्रेटिक परंपरा का पालन किया जहाँ चिकित्सक की स्थिति सर्वोच्च थी। रोगी का उपचार से संबंधित मुद्दों और निदान की तरह सभी संबंधित परिस्थितियों पर कोई दखल नहीं था। चिकित्सक आश्वस्त थे और रोगियों की गोपनीयता के संरक्षक थे और चिकित्सकों का कर्तव्य ज्ञान और प्रक्रियाओं की गोपनीयता था। ऐतिहासिक रूप से अनुसंधान के क्षेत्र में पारंपरिक "सिद्धांतों को नुकसान नहीं" था। लेकिन पिछले कुछ दशकों के दौरान इन सिद्धांतों में बदलाव आया है जब 1970 में रैमसे ने अपने प्रसिद्ध लेख "व्यक्ति के रूप में रोगी" में यह प्रस्तावित किया कि चिकित्सक रोगी का संबंध चिकित्सक के पक्ष में एकतरफा था और यह प्रस्ताव किया कि सभी मूल मामलों में रोगियों को न कि चिकित्सकों को रिश्ते की शर्तें थोपनी चाहिए। तब से, नैतिक मुद्दों की अवधारणाओं में बहुत विकास हुआ है।

रैमसे प्रस्ताव ने चिकित्सा नैतिकता तय करने वाले पहली हिप्पोक्रेटिक परंपरा का पूरी तरह विरोध किया। हिप्पोक्रेटिक परंपरा में, चिकित्सक केवल उपचार करने वाला और तकनीशियन नहीं था अपितु वह रोगी के रहस्यों का एक संरक्षक और अभिभावक भी था। चिकित्सक प्रण करते थे कि वे रोगी की संबंधित कमजोरी का लाभ नहीं उठाएंगे और उनके सम्मान या अपने पेशे से कभी समझौता नहीं करेंगे और मानव जीवन के आंतरिक मूल्यों का सम्मान करेंगे। हालांकि, नैतिकता नैतिक मान्यताओं और मूल्यों से

कहीं परे है। नैतिक कोड स्थायी नहीं हैं लेकिन लचीले हैं और समय विशेष में बदलती सामाजिक-राजनीतिक स्थिति और वैज्ञानिक प्रगति से लगातार प्रभावित हो रहे हैं। "व्यक्ति की स्वायत्तता के सिद्धांत" और न्याय के पर्यावरण को बचाने में उपकार और गैर हानिकरता के सिद्धांत ने भी नैतिकता की समझ को बदल दिया है। मनुष्यों का सम्मान और सुरक्षा चिकित्सा अभ्यास के सभी पहलुओं के लिए आधारभूत है।

ख) 17 अक्टूबर, 2014 को ऋषिकेश में साक्ष्य आधारित अल्कोहलः राष्ट्रीय नीति की चुनौतियां।

नीतियाँ समझ का सामान्य कथन हैं जो निर्णय लेने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करती हैं। वे मानव आकांक्षाओं, मूल्य समूहों, प्रतिबद्धताओं, वर्तमान स्थिति के आकलन पर आधारित हैं। नीति निर्माण से आशय सामाजिक कार्रवाई के लिए मूल्यों के समूह में एक राजनीतिक मांग को आकार देना है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 में परिकल्पना की गई है, "राज्य पोषण और अपने लोगों के जीवन के स्तर में सुधार और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार को अपना प्राथमिक कर्तव्य समझेगा और राज्य विशेष रूप से प्रयास करेगा कि चिकित्सा प्रयोजनों के लिए नशीले पेय और दवाओं को छोड़कर स्वास्थ्य के लिए हानिकारकों की खपत का निषेध किया जाए"।

शराबखोरी एक मानव व्यवहार है जो बहुत रुचिकर है। किसी भी नीति को उपलब्ध सर्वोत्तम वैज्ञानिक और सामाजिक साक्ष्य पर तैयार किया जाना चाहिए और नीतियों से व्यक्तियों, समुदायों, सरकारों और निजी क्षेत्र के रूप में प्रभावित होने वाले लोगों के अधिकारों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन रखने का भी ध्यान रखना चाहिए । इस लेख का मूल बिंदु यही होगा कि नाजुक संतुलन कैसे हासिल किया जा सकता है ।

ग) 29-30 नवंबर, 2014 को भोपाल में आपदाएं: एक भारतीय अनुभव।

सभी आपदाएं लोगों को हानि पहुँचाती हैं। वे मारती, घायल करती, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आघात का कारण बनती हैं। आपदाएं सर्वव्यापक हैं, लेकिन सबसे बड़े

पैमाने पर आपदाएं कैंसर और मकर भौगोलिक क्षेत्र की रेखा में होती हैं जिसमें अधिकतर विकासशील देश शामिल हैं। भूगोल और स्थलाकृति के कारण भारत ने सूखा, चक्रवात और भूकंप जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का बड़े पैमाने पर सामना किया है। उपलब्ध आँकड़े यह दर्शाते हैं कि प्रति वर्ष आपदाओं की संख्या बढ़ रही है और साथ ही मौतों व प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। पिछली सदी से आपदा की परिभाषा में एक नया पारिस्थितिक आयाम जुड़ गया है। फिर हमारे समक्ष रासायनिक और परमाणु घातक, तेल फैलाव, हवा पानी और मिट्टी के प्रदूषण जैसी नई मानव निर्मित आपदाएं भी हैं।

आपदाओं के स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के परिणामों को विश्व भर में स्वीकारा जा रहा है। विकासशील देशों को विकसित लोगों की तुलना में और अधिक खामियाजा भुगतना पड़ रहा है क्योंकि उनके पास कम भौतिक और वित्तीय संसाधन हैं। 1.2 अरब आबादी के साथ दूसरे सबसे बड़ी आबादी वाले देश के रूप में भारत में सभी प्रकार की आपदाएं बहुत बड़े पैमाने पर होती हैं। वर्तमान लेख भूमंडलीकरण के विशेष संदर्भ में चार विभिन्न प्रकार की आपदाओं पर केंद्रित होगा (क) रासायनिक, (ख) भूकंप (ग) सुनामी और (घ) कीटनाशक और आनुवंशिक बीजों का उपयोग।

हर आपदा भविष्य में अधिक से अधिक आत्मविश्वास और क्षमता से समान चुनौतियों का सामना करने के लिए और लैस होने के लिए एक अवसर प्रस्तुत करती है। अधिकतर प्राकृतिक आपदाओं को रोकना लगभग असंभव है। फिर भी हम प्रत्याशा और उनका सामना करने के लिए तैयार होकर उनके अधिकांश बुरे प्रभावों को रोक या कम कर सकते हैं।

2. **डॉ. पी. के. दवे, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिए गए व्याख्यानों का सारांश।**

क) 31 मार्च, 2014 को शिलांग में रीढ़ की हड्डी में गठियारूपी संधिशोथ

व्याख्यान में रीढ़ की हड्डी के विशेष संदर्भ में गठियारूपी संधिशोथ में विकृति और विकलांगता के पैटर्न पर प्रकाश डाला गया। रीढ़ की हड्डी में गठियारूपी संधिशोथ बहुत

दुर्लभ है। रीढ़ की हड्डी की विकृति, उसके हेतुकारक, प्रबंधन रणनीति, और हाल की प्रगति भी शामिल थे।

रोगजननहेतु कारक, नैदानिक चिह्न और लक्षणों को वर्णित किया गया। कोहनी, कलाई और उंगलियों के जोड़ों के ऊपरी सिरों में विकृति का वर्णन किया गया। रूढ़िवादी और शल्य चिकित्सा दोनों में कार्य हानि और इलाज के तौर तरीकों पर प्रकाश डाला गया था।

एनएसएड्स इलाज का आरंभिक विकल्प है व बाद में अधिक विशिष्ट गठियारूपी संधिशोथ उपचार किया जाता है। शल्य चिकित्सा और रेडियोधर्मी दोनों सन्धि-उच्छेदन का भी उपयोग किया जाता है। जोड़ प्रतिस्थापन, संधिस्थिरीकरण, विशेष रूप से हाथों और पैरों की विकृति का सुधार, रोटेटर कफ जैसे क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत गठियारूपी संधिशोथ के उपचार के लिए शल्य चिकित्सा पहलू का गठन करते हैं।

रीढ़ की हड्डी में गठियारूपी संधिशोथ आमतौर पर युवा व्यक्तियों को प्रभावित करता है। वक्ष और कटि रीढ़ की हड्डी की तुलना में ग्रीवा रीढ़ अधिक प्रभावित होती है। शीर्षधर अक्षीय भागीदारी अक्सर आम है। ग्रीवा रीढ़ की हड्डी में दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन आम परेशानियाँ हैं। स्नायविक लक्षण आम नहीं हैं। हालांकि मेरुरज्जु विकृति के मामलों में चाल और हाथ के कामों में कठिनाइयाँ देखी जा सकती हैं।

रेडियोलॉजिकल निदान अन्य नैदानिक लक्षण और प्रयोगशाला जांच के साथ संयोजित कर किया जाता है। चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग जैसे अन्य तौर तरीके विशेष रूप से रीढ़ की हड्डी के संपीड़न का पता लगाने में सहायक हो सकते हैं।

ज्यादातर मामलों में उपचार दर्द को कम करने और किसी भी तंत्रिका क्षति से बचने के लिए ग्रीवा रीढ़ का उचित स्थिरीकरण है। ग्रीवा रीढ़ सममितीय व्यायाम और ग्रीवा कॉलर सहायक होते हैं। तंत्रिका क्षति या गंभीर दर्द होने पर ही शल्य चिकित्सा का सहारा लिया जाता है।

3. **एयर मार्शल (डॉ.) एम.एस. बोपाराय, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिए गए व्याख्यानों का सारांश।**

क) 6 सितंबर, 2014 को अमृतसर में नेत्र आघात पर निरुद्देश्य चिंतन

आघात मानव सभ्यता जितना ही पुरातन है और नेत्र आघात कोई अपवाद नहीं है। यहाँ तक कि गुफा-मानव भी भोजन और शिकार के लिए लड़ता था। भारत में नेत्र आघात के मामलों के बारे में कोई विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हालांकि एक लाख लोग नेत्र आघात के कारण दृष्टिहीन हो जाते हैं और पूरे विश्व के 42 करोड़ व्यक्ति इसके कारण दृष्टिहीन हैं। आम तौर पर यह माना जाता है कि भारत में 90-100 लाख दृष्टिहीनों में से 15-20% आघात के कारण दृष्टिहीन हैं और उनमें से अधिकतर युवा हैं । इसके कारण समाज पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। इसलिए आघात के मामलों के प्रबंधन में सुधार, निवारक उपायों में सुधार और दृष्टिहीन व आंशिक रूप से दृष्टिहीन व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए और अधिक ध्यान देने के लिए नेत्र सर्जनों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

नेत्र सर्जन को रोगियों में बहु-आघात के मामलों में नेत्र शामिल होने पर अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है। सड़क यातायात दुर्घटनाओं, औद्योगिक दुर्घटनाओं, कृषि दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध क्षति आदि से बहु-आघात होता है। जान बचाने की प्राथमिकता से इन मामलों को सामान्य अस्पतालों के हताहत विभागों में लाया जाता है। जब तक नेत्र सर्जन को बुलाया जाता है उस समय तक दृष्टि बचाने में बहुत देर हो जाती है। नेत्र सर्जन को इसलिए सक्रिय होना होगा और अपने सहयोगियों को प्रारंभिक चरण में ही यानी शुरू से ही एक नेत्र सर्जन को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना चाहिए। चूंकि ऐसे अधिकतर मामलों को सामान्य संज्ञाहरण का प्रयोग कर नियंत्रित किया जाता है इसलिए यह नेत्र सर्जन के वहाँ होना करने के लिए सही समय है। इस सब का समर्थन करने के लिए विशिष्ट स्थितियों को प्रस्तुत किया गया और दीर्घावधि फॉलो-अप और पुनर्वास पर बल दिया गया। विशिष्ट स्थितियाँ चेहरा आघात, नेत्रगुहा अस्थिभंग, अंतःचाक्षुष बाह्य वस्तुएँ, ग्लोब में छेद करने वाली चोटें और किरच चोटों के मामले थे।

अम्ल और क्षार दोनों रासायनिक जलना, पिघले हुए रबड़ की चोटों और गैसीय चोटों के रूप में विशेष और विरले चोटों के मामले प्रस्तुत किए गए और लंबी अवधि के परिणामों पर चर्चा की गई।

नेत्र चोट के मामलों के पुनर्वास दृष्टिसंबंधी और कॉस्मेटिक दोनों ही हैं और इसमें शारीरिक ही नहीं मानसिक रोगों के उपाय भी शामिल हैं। "दृष्टिहीन विकलांग संस्थान, देहरादून" जैसी विशेष संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया था। कॉस्मेटिक पुनर्वास में तृतीयक देखभाल अस्पतालों में मामलों को निपटाने की जरूरत है और कई सर्जरी शामिल होने के कारण इसमें धैर्य की आवश्यकता है।

नेत्र चोट की, भले ही वे असैनिक स्थितियों (आरटीए, कृषि, आतिशबाजी) या सैन्य स्थितियों में लगें, रोकथाम महत्वपूर्ण है। हेलमेट, सुरक्षा चश्मा, बुलेट प्रूफ जैकेट आदि का बेहतर स्तर सुनिश्चित करने की दृष्टि से सरकारी नियामक एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसा रोकथाम का संदेश फैलाने के लिए सामाजिक-धार्मिक संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की मदद लेने की आवश्यकता है।

ख) 28 अक्टूबर, 2014 को दिल्ली में नेत्रकोटरीय शल्य चिकित्सा का अतीत, वर्तमान और भविष्य

7 हड्डियों का बना हुआ, 40x35x40 मिलीमी. माप का और 35 घन मात्रा का नेत्रकोटर सदा ही नेत्र रोग विज्ञानियों के लिए एक समस्या क्षेत्र रहा है। नेत्रोत्सेध नेत्रकोटरीय रोगों की पहचान है। यह एकपक्षीय या द्विपक्षीय हो सकता है। 1990 में नेत्र विज्ञान के वार्षिक सम्मेलन की एशिया पैसिफिक अकादमी में लेखक द्वारा नेत्रोत्सेध के 600 मामलों का एक पूर्वव्यापी अध्ययन प्रस्तुत किया। इसमें 528 (88%) मामले एकपक्षीय नेत्रोत्सेध और 72 (12%) मामले द्विपक्षीय नेत्रोत्सेध के थे। एकपक्षीय नेत्रोत्सेध 316 (59.8%) मामले प्राथमिक नवोत्पादित मूल के थे, 100 (18.9%) मामले सूजन के थे, 60 (11.3%) मामले दुष्थायराइड मूल के थे, 30 (5.6%) मामले अर्धनेत्रकोटरीय रोगों और 22 (4.2%) अन्य मामले थे। द्विपक्षीय नेत्रोत्सेध दुष्थायराइड रोगों, कपाल-चेहरे

की विसंगतियों, जालीय अन्तः कलाकोशिका और तंत्रिका मूल के कारण था। यह बाद के अध्ययनों में भी लगभग इतना ही रहा है।

कुल मिलाकर एकपक्षीय नेत्रोत्सेध एक शल्य समस्या और द्विपक्षीय नेत्रोत्सेध एक चिकित्सा समस्या है। हालांकि नियम के अपवाद हमेशा हो सकते हैं। घावों वाले नेत्रकोटरीय क्षेत्र का प्रबंधन भी बहुत युगों से गुज़रा है। बिना सीटी, एमआरआई और अल्ट्रासोनोग्राफी का युग जिसे मैं अंधा युग कहता हूँ। इस युग में मुख्य जांच नेत्रकोटरीय शिरालेखन था, यदि सर्वोच्च नेत्र नस एक समानांतर चतुर्भुज के रूप में दिखे, खुली हुई तो यह इन्ट्राकोनल संहति का संकेत था। संहति के आकार, उसकी प्रकृति और नेत्र तंत्रिका, नेत्र की मांसपेशियों और अन्य ऊतकों के साथ उसका संबंध ज्ञात करने का कोई तरीका नहीं था। यह दृश् युग में संभव हो गया जब सीटी, एमआरआई और परिष्कृत अल्ट्रासोनोग्राफी अस्तित्व में आए। अंधा युग में, 80% मामलों में नेत्रकोटरीय सर्जन को पता नहीं होता था कि वह कहाँ जा रहा है, लेकिन दृश् युग में वह नेत्रकोटर में प्रवेश करने के लिए एक बहुत बेहतर स्थिति में था। इसने नेत्रकोटरीय सर्जरी को और अधिक सटीक, सुरक्षित और पूर्वानुमेय बनाया है।

अंधा और दृश् युग में कुल मिलाकर इतने वर्षों में 1000 से अधिक नेत्रकोटरीय सर्जरी की गईं। कम से कम चिकित्सकजनित नुकसान के लिए नेत्रकोटर में ट्यूमर के स्थान के आधार पर उसे विभिन्न स्थलों से खोला जा सकता है। पूर्वकाल नेत्रकोटरीय दृष्टिकोण 505 (50.5%) मामलों में प्रयुक्त किया गया, पार्श्व नेत्रगुहाछेदन 335 (33.5%) मामलों में किया गया, ट्रांस नेत्रश्लेष्मला दृष्टिकोण 55 (5.5%) मामलों में अपनाया गया और ट्रांसफ्रंटल और संयुक्त दृष्टिकोण 105 (10.5%) में प्रयुक्त किया गया था। शल्य चिकित्सा से पहले/ बाद में स्वरूप, सर्जरी के अंतिम परिणाम और दीर्घावधि अनुवर्ती कार्रवाई/ विभिन्न विकृतियों में निदान को उजागर करने के लिए भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण प्रयुक्त किए गए मामले प्रस्तुत किए गए।

नेत्रकोटरीय सर्जरी और नेत्रकोटरीय सर्जन का भविष्य बहुत उज्जवल है। सर्जरी के दौरान आवर्धन के उपयोग, बेहतर संज्ञाहरण, बेहतर टांके, बेहतर वायवीय / इलेक्ट्रॉनिक आरी /

हड्डी काटने के लिए लेजर, हड्डियों को जोड़ने के लिए गोंद, हाइड्रॉक्सियापटाइट और टाइटेनियम प्रत्यारोपण, बेहतर कृत्रिम प्रक्रियाओं आदि के कारण सर्जरी के परिणाम बिना किसी जटिलताओं के काफी बेहतर होंगे। नेत्रकोटरीय सर्जरी के परिणाम और अधिक आशापूर्ण होंगे। इसके अलावा विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध फेलोशिप कार्यक्रमों के साथ नेत्रकोटरीय सर्जन के प्रशिक्षण के लिए अब बेहतर विकल्प उपलब्ध हैं। नेत्रकोटरीय सर्जन को इसलिए उनके भावी प्रयासों में अग्रसर होने के लिए बहुत अवसर हैं।

4. डॉ. कमल बक्शी, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिया व्याख्यानों का सारांश।

क) 17 अक्टूबर, 2014 को ऋषिकेश में मदिरा और प्रजनन स्वास्थ्य

विश्व भर में किशोरवयों, किशोरों, जनन वर्षों और गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के बीच शराब के सेवन में व्यापक वृद्धि हो रही है। यह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। गर्भावस्था के दौरान शराब के सेवन के साथ जुड़े प्रतिकूल प्रभावों पर पॉल लिमॉइन (1967) ने प्रकाश डाला जिन्होंने अपने मामलों की श्रृंखला के माध्यम से एक अपरूपजनन के रूप में शराब का वर्णन किया है और जोन्स ने 1973 में भ्रूण शराब सिंड्रोम शब्द गढ़ा। 1996 तक गर्भावस्था के साथ जुड़े शराब से संबंधित जन्म विकारों (एआरबीडी) एवं तंत्रिका विकास से संबंधित विकारों (एआरएनडी) की पहचान कर ली गई थी।

शराब का सेवन: मामले और प्रसार

कनाडा के अध्ययन: 76.8%> 15 वर्ष आयु । गर्भावस्था के दौरान कम जोखिम के स्तर पर 17.0%, भारी मात्रा में सेवन 32.0%, कभी-कभार सेवन 14.0%, और गर्भावस्था के पहले तीन महीनों के दौरान 62.4%।

अमरीका: गर्भावस्था के दौरान 30.3% और गर्भावस्था के पहले महीने के दौरान 22.5%। गर्भवती महिलाओं में से लगभग 15-20% पहली गर्भावस्था के दौरान शराब का थोड़ा सेवन करती हैं और 3-4% गर्भावस्था के दौरान अधिक सेवन करती है।

अल्कोहल की मात्राः बीयर - 2% से 12%, कूलर्स - 7%, वाइन - 8% से 14.5%, खमीरी वाइन 17% से 22% (शेरी, पोर्ट इत्यादि) मद्यपेय 5% से 55% और मद्य (वोदका, रम, जिन इत्यादि) व्हिस्की 14% से 15%।

कम-जोखिम का मद्यपानः एक दिन में दो सामान्य पैग से अधिक नहीं, या सप्ताह में 9 सामान्य पैग।

भारी मद्यपानः लगभग 2 घंटों में 4 या अधिक पैग। दिन में 6 पैग से ज्यादा पीना।

हाइपोथैलमिक, पिट्यूटरी जननांगों अक्ष (एचपीजी), यौन प्रकार्यों, यौन अंगों और सेक्स हार्मोन के स्तर पर शराब के प्रभाव।

1. पुरुष और महिला दोनों में प्रजनन प्रणाली के सभी स्तरों पर शराबखोरी के प्रतिकूल प्रभाव पाए गए हैं। पुरुष शराबी अक्सर यौन रोग से ग्रस्त रहते हैं जिसमें (↓ कामेच्छा, ↓ हर्षण, द्वितीयक पुरुष यौन गुणों की कमी।)
2. वृषण का आकार और लेडिग कोशिकाएं: वृषण का आकार ↓ → अल्पजननग्रंथिता। असामान्य रूप आकार के शुक्राणुओं की संख्या बढ़ जाती है, शुक्राणुओं की संख्या में कमी और गतिशीलता। शुक्राणुओं और उनके गुणों के डीएनए क्षति में वृद्धि हुई है। इसके कारण टेस्टोस्टेरोन का कम उत्पादन और एस्ट्रोजन का स्तर बढ़ जाता है। यह ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन और कूपिक उत्तेजक हार्मोन के उत्पादन, स्त्राव और / या गतिविधि कम कर सकते हैं। महिला शराबियों में मासिक धर्म चक्र पर एक विघटनकारी प्रभाव हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप रजोरोध, डिंबक्षरण और बांझपन हो सकते हैं। एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन स्तर भी प्रभावित होते हैं। इससे हाइपरप्रोलैक्टीलनीमिया हो सकता है। हालांकि, शराब का सेवन बंद करने पर प्रजनन और यौन गतिविधि पर नकारात्मक प्रभाव उलट जाते हैं। शराब के दीर्घकालिक अत्यधिक सेवन से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और परिधीय तंत्रिका तंत्र को नुकसान हो सकता है जिसके

परिणामस्वरूप पुरुषों और महिलाओं में कामेच्छा की कमी और बांझपन हो सकते हैं।

प्रयोगात्मक अध्ययनों से संकेत मिलता है कि शराब उत्सर्जित अंडाणु में गुणसूत्र विभेद त्रुटियों को कम कर सकती है। उनके निषेचन से असुगुणिता भ्रूण हो सकता है जिसके कारण सहज गर्भपात हो सकता है। कुछ असामान्य भ्रूण पूरी गर्भावस्था में जीवित रह सकते हैं जिसके परिणामस्वरूप कम या गंभीर श्रेणी की मानसिक मंदता और अन्य असामान्यताओं के साथ बच्चों का जन्म हो सकता है।

अल्कोहल और गर्भावस्थाः भ्रूण और नवजात पर प्रभाव

गर्भावस्था के दौरान शराब लेने वाली माताओं की संतानें विकास में देरी और / या व्यवहार में बदलाव की विविधता से पीड़ित हैं। यह एक खुराक निर्भर तरीके से भ्रूण के विकास को प्रभावित कर सकता है। बहुत उच्च दोहरावदार खुराक के साथ 6-10% भ्रूण में भ्रूण शराबी सिंड्रोम (एफएएस) होने की संभावना है जो प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद विकास की कमी, विशिष्ट कपाल-मुख कुरूपता लक्षणों, मानसिक मंदता, व्यवहार में बदलाव और अन्य प्रमुख विसंगतियों के द्वारा प्रकट होता है। कम दोहरावदार खुराक से मदिरा प्रभाव का जोखिम है जो मुख्य रूप से मामूली बौद्धिक हानि, विकास गड़बड़ी और व्यवहार में बदलाव से प्रकट होता है । कभीकभार शराब का सेवन करने से मामूली बौद्धिक कमी का कुछ जोखिम हो सकता है।

भ्रूण शराब स्पेक्ट्रम विकार (FASD) के उन व्यक्तियों में असामान्यताएं की विविधता पाई गई है जिनकी माँ गर्भावस्था के दौरान शराब का सेवन करती हैं। इनमें शारीरिक, मानसिक, व्यवहारात्मक या अधिगम विकलांगता शामिल हैं। शारीरिक असामान्यताएं चेहरे की असामान्यताएं अर्थात छोटे नेत्रच्छद विदर, सपाट मध्य चेहरा, लघु नाक, अस्पष्ट ओष्ठखात, पतला ऊपरी होंठ, अधिकपाल सिलवटें, निम्न नाक पुल, मामूली कान असामान्यताएं और निचले जबड़े की लघुता हैं।

स्तनपान: स्तनपान के दौरान शराब का सेवन नवजात / शिशु की नींद, पाचन, मोटर विकास और जल्दी सीखने को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है। स्तनपान की अवधि कम हो सकती है।

हानिकारक प्रभाव अनुजात तंत्र (कुछ जीनों की गतिविधि में परिवर्तन) के माध्यम से होते हैं।

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान व प्रजनन आयु की महिलाओं में शराब के सेवन के साथ जुड़े जोखिम कारकों के बारे में पता होना चाहिए। यदि एक महिला गर्भावस्था के दौरान शराब का सेवन जारी रखती है, तो नुकसान में कमी / इलाज जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए। इन महिलाओं को शराब छोड़ने और उपचार के लिए प्राथमिकता दी जाना चाहिए। उन्हें यह भी सूचित किया जाना चाहिए कि गर्भावस्था के प्रारंभ में शराब का कम सेवन गर्भावस्था की समाप्ति के लिए एक संकेत नहीं है । गर्भवती या गर्भावस्था की योजना बना रही महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित विकल्प शराब का सेवन न करना है क्योंकि गर्भावस्था में शराब का कोई सुरक्षित स्तर स्थापित नहीं है। गर्भावस्था में किसी भी समय शराब का सेवन रोकने से बच्चे के लिए खतरा कम हो जाएगा।

एफएएस / या एफएएसडी, एआरबीडी / एआरएनडी के मामलों के निदान /मान्यता और शराब के सेवन के लिए स्क्रीनिंग की आवश्यकता है। जिन व्यक्तियों की माता शराब का सेवन करती थी उनको लंबे समय तक अन्वीक्षण किया जाना चाहिए क्योंकि शराब के आजीवन प्रभाव अभी ज्ञात नहीं हैं।

ज्ञान और व्यवहार के बीच की खाई को पाटना आवश्यक है।

24 वीं सदी विज्ञान का जोखिम मूल्यांकन और विनियामक निर्णय लेने के लिए रूपांतरण

सुझावित लेख: (1) गर्भावस्था में महिलाओं में शराब के सेवन: भ्रूण, नवजात, कार्यविधि और मातृ उपचार पर प्रभाव; आशेर ऑरनाय एट अल, इंट जे इनवायरन रेस पब्लिक हैल्थ 2010।

(2) शराब सेवन के व्यसन में यौन प्रकार्य; यौन अंगों और सेक्स हार्मोन का स्तरः एल्युको एस्थर ओलुसोला एट अल; ब्रिटिश जर्नल ऑफ मेडिसिन एंड मेडिकल रिसर्च, 2014।

(3) गर्भावस्था के दौरान शराब के सेवन के टेराटोजेनिक प्रभाव और पूर्व निषेचित अंडाणु के गुणसूत्र गठन पर इसका प्रभाव; एल्कॉहल एंड एल्कॉहलिस्म ब्रिटेन; एम कॉफ़मैन: 1996।

इंडोमेट्रियोसिस के ऑपरेशन के बाद उपचार: दिशानिर्देश

इंडोमेट्रियोसिस को प्रेरित जीर्ण सूजन प्रतिक्रिया के साथ गर्भाशय के बाहर अन्तर्गर्भाशयकला जैसे ऊतकों की उपस्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है और इसका भिन्न रूप होता है।

यह एक आम स्त्री रोग है जो प्रजनन आयु में लगभग 10% महिलाओं को प्रभावित करता है जिसमें प्रगतिशील कष्टार्तव, श्रोणि दर्द, बांझपन-कुच्छमैथुन या श्रोणि में गांठ की स्थिति है।

यह चिकित्सकीय रूप से संदिग्ध माना जाता है, निदान इमेजिंग तकनीक / एमआरआई द्वारा सुलभ है लेकिन स्वर्ण मानक लेप्रोस्कोपी है। यह रोग, इसकी सीमा, स्थान और गंभीरता को दिखाता है।

उपचार योजना:

रोगियों, आयु, समता, बीमारी की सीमा, लक्षण, प्रजनन के लिए इच्छा और रजोनिवृत्ति की स्थिति के रूप में कई कारकों पर विचार करना चाहिए।

चिकित्सा का मुख्य लक्ष्य लक्षणों का नियंत्रण है और इच्छित लोगों में उर्वरता प्राप्त करना है। व्यक्तिगत रोगी देखभाल आवश्यक है।

कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाजों के के द्वारा दिशानिर्देश विकसित किया गया है। इंडोमेट्रियोसिस एक पुरानी बीमारी होने के कारण चिकित्सा उपचार के उपयोग को अधिकतम करना और शल्य दृष्टिकोण में दोहराव से बचने के लक्ष्य के साथ आजीवन प्रबंधन योजना की आवश्यकता है।

तकनीकी कौशल, अनुभव और साक्ष्य आधारित इलाज उसके प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इंडोमेट्रियोसिस से जुड़े दर्द: दर्द की पुनरावृत्ति और लंबी अवधि में इस बीमारी को रोकने के लिए शल्य चिकित्सा के पश्चात संयोजक हार्मोन चिकित्सा छह महीने के भीतर दी जाती है। हालांकि, इससे शल्य चिकित्सा के परिणाम में सुधार नहीं हो सकता है। सर्जरी के बाद उपचार अल्पकालिक (छह महीने के भीतर) या दीर्घकालिक (छह महीने से ज्यादा) हो सकता है। दीर्घकालिक संयोजक चिकित्सा (6-24 महीने) लक्षण मुक्त अंतराल को लम्बा करने के लिए और लक्षण और रोग की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आवश्यक है। सुरक्षात्मक प्रभाव के लिए 6-24 महीने तक निरंतर उपयोग उपचार की अवधि से संबंधित है। अल्पावधि ($\leqslant$ 6 महीने) के लिए प्रयोग किए जाने वाली ऑपरेशन के बाद हार्मोन थेरेपी के कोई सिद्ध लाभ या नुकसान नहीं है। हालांकि, यह गर्भनिरोधक और माध्यमिक रोकथाम के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

डिम्बग्रंथि मूत्राशय उच्छेदन:

डिम्बग्रंथि मूत्राशय उच्छेदन और गंभीर इंडोमेट्रियोसिस के ऑपरेशन के बाद रोगियों को इंडोमेट्रियोमा की माध्यमिक रोकथाम के लिए कम से कम 18-24 महीने तक लिवोनोगैस्ट्रल स्त्रावित अंतर्गर्भाशयी प्रणाली (मिरेना) या संयुक्त मौखिक गर्भ निरोधकों के उपयोग की सलाह दी जाती है।

गैर चिकित्सा प्रबंधन:

इंडोमेट्रियोसिस से जुड़े दर्द के वैकल्पिक और पूरक चिकित्सा की उपयोगिता पर सीमित प्रमाण मौजूद हैं। (त्वचापार विद्युत तंत्रिका उत्तेजना या एक्यूपंक्चर)

इंडोमेट्रियोसिस से जुड़े बांझपन का प्रबंधन

प्रथम और द्वितीय चरण के इंडोमेट्रियोसिस के रोगियों में शल्य चिकित्सा के बाद जितनी जल्दी हो सके प्रजनन उपचार कार्य आरंभ कर देना चाहिए। डिंबक्षरण और अंतर्गर्भाशयी गर्भाधान के नियंत्रित प्रेरण की अनुशंसा की जाती है। गंभीर इंडोमेट्रियोसिस के रोगियों के लिए एआरटी का सुझाव दिया जाता है।

जो रोगी प्रजनन क्षमता में देरी करना चाहते हैं उनमें निरंतर मौखिक गर्भ निरोधकों या डाइनोजैस्ट (प्रोजेस्टेरोन) आरंभ किया जाता है।

(क) डिम्बग्रंथि मूत्राशय उच्छेदन सर्जरी के दौरान डिम्बग्रंथि नुकसान को कम करने के लिए कैप्सूल के सबसे पतली परत की पट्टी, डिम्बग्रंथि स्ट्रोमा की विद्युत स्कंदन का न्यूनतम उपयोग।

(ख) सर्जरी से पहले रोगियों को डिम्बग्रंथि आरक्षित की कमी के बारे में परामर्श दें। डिम्बग्रंथि आरक्षित की निगरानी के लिए शल्य चिकित्सा से पहले और शल्य चिकित्सा के बाद एफएसएच, एलएच, ई2, एएमएच, कोटरीय कूप गिनती, इंडोमेट्रियोसिस की श्रेणी और सीए125 जांच करें।

शल्य चिकित्सा के बाद इंडोमेट्रियोटिक पिंड और पुनरावृत्ति को कम करने के लिए सतत चिकित्सा उपचार की अनुशंसा की जाती है। अध्ययन सर्जरी के बाद रोग लक्षण या प्रगति में सुधार करने के लिए जीएनआरएच अनुरूप उपयोग का समर्थन नहीं करते।

5. डॉ. जी. एस. सैनानी, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिया व्याख्यानों का सारांश।

क) दिसम्बर, 2014 को हैदराबाद में होमोसिस्टीन एवं परिहृद धमनी रोग

होमोसिस्टीन एक अमीनो एसिड है जो मिथाइलेशन मार्ग से मेथिओनिन या ट्रांस सल्फरेशन मार्ग से सिस्टीन द्वारा चयापचयित होता है। पहला मार्ग मिथीओन सिंथेटास (एमएस) और मिथाइलिन टेट्राहाइड्रोफोलेट रिडक्टेस (एमटीएचईआर) एंजाइमों के समुचित कार्य साथ ही विटामिन बी 12 और फोलिक एसिड के सामान्य स्तर पर निर्भर करता है। बाद का मार्ग एंजाइम सिस्टाथियोनाइन बीटा सिंथेटास (सीबीएस) और पाइरीडॉक्सिन (विटामिन बी-6) के पर्याप्त स्तर पर निर्भर करता है। एंजाइम में एक आनुवंशिक दोष या विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और विटामिन बी-6 की आहार में कमी हाइपर होमोसिस्टीनैमिया का कारण बन सकती है।

आवधिक स्वास्थ्य जांच के दौरान, लिपिड प्रोफाइल का आकलन करने के अलावा, प्लाज्मा होमोसिस्टीन स्तर के आकलन की सलाह दी जानी चाहिए। हाइपर होमोसिस्टीनैमिया का सब्जियों और फलों और विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और विटामिन बी-6 पूरकों से समृद्ध आहार के द्वारा उपचार किया जाता है।

आदर्श जोखिम कारकों के स्थापित महत्व के बावजूद सीएडी (विशेष रूप से समय से पहले एन्थिरोकाठिन्य के साथ) मरीजों की बड़ी संख्या है जिनका आदर्श जोखिम कारकों से कोई संबंध नहीं है। समय पूर्व सीएडी कई रोगियों को बहुत कम लिपोप्रोटीन असामान्यताएं है। उन रोगियों में एक स्वतंत्र जोखिम कारक के रूप में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया की संभावित भूमिका को मान्यता दी गई है। अमेरिकियों में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया की व्यापकता कम (5.7%) है। पश्चिमी समाजों के विपरीत, भारतीय अध्ययन में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया की वृद्धि में प्रसार (52-81%) पता चलता है। इसका अर्थ है कि होमोसिस्टीन स्तर भी 19.5 - 23.2 मिलिमोल / एल के बीच काफी अधिक रहे हैं। भारतीयों में इस तरह के उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए, हाइपर होमोसिस्टीनैमिया को भारतीयों में एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक के रूप में माना जा सकता है। पुरुषों में महिलाओं की तुलना में होमोसिस्टीन स्तर अधिक है और होमोसिस्टीन स्तर आयु के साथ बढ़ता है।

अब यह स्वीकार कर लिया गया है कि हाइपर होमोसिस्टीनैमिया स्ट्रोक, रोधगलन और अन्य परिधीय संवहनी मामलों में एक महत्वपूर्ण स्वतंत्र जोखिम कारक है। 27 परीक्षणों के एक मेटा-विश्लेषण में 90 प्रतिशतक उच्च होमोसिस्टीन स्तर के रोगियों की बाकी के रोगियों के तुलना करने पर सीएडी के लिए जोखिम अनुपात 1.7, परिधीय धमनी रोग के लिए 6.8, मस्तिष्क धमनी रोग के लिए 2.5, और शिरापरक घनास्त्रता के लिए 2.95 होने की जानकारी प्राप्त हुई। मेटा-विश्लेषण में दिलचस्प जानकारी मिली कि उच्च होमोसिस्टीन स्तर धूम्रपान और हाइपर होमोसिस्टीनैमिया के समान रोग के लिए एक स्वतंत्र जोखिम कारक था[1]।

भारतीयों में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया की व्यापकता बहुत अधिक 19.5 से 23.2 मिलिमोल/ एल के माध्य के साथ 52-84% है[2,3]। अतः जहाँ तक भारतीयों का सवाल है, हाइपर होमोसिस्टीनैमिया एक महत्वपूर्ण हृदय जोखिम कारक माना जाता है।

पुणे में किए गए एक अध्ययन में 441 मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों की जांच की गई, जिनमें से 149 ग्रामीण क्षेत्रों से, 142 मलिन बस्तियों से और 150 शहरी मध्यम वर्ग से थे। कुल मिलाकर 67% पुरुषों में विटामिन बी 12 की निम्न सांद्रता थी और 50% को हाइपर होमोसिस्टीनैमिया था। शहरी मध्यम वर्ग में 81% में निम्न विटामिन बी 12 और 79% में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया था। शाकाहारियों में अक्सर मांसाहारी भोजन करने वाले माँसाहारियों की तुलना में निम्न विटामिन बी 12 का 4.4 गुना अधिक जोखिम और हाइपर होमोसिस्टीनैमिया का भी 3 गुना अधिक जोखिम था। शहरी पुरुषों में ग्रामीण पुरुषों की तुलना में काफी अधिक हाइपर होमोसिस्टीनैमिया था।

वह तंत्र जिसके द्वारा होमोसिस्टीन अन्तःचूचुक को प्रभावित करता है, मुक्त रेडिकल उत्पादन और लिपिड पेराक्साइडेशन में वृद्धि के माध्यम से प्रतीत हो रहा है। पेरोक्साइड एनियन्स और हाइड्रोजन पेरियोक्साइड के उत्पादन के परिणामस्वरूप हालांकि एनओ का कम उत्पादन और अक्रियाशीलता में वृद्धि होती है।[5,6]

इलेक्ट्रॉन बीम गणना टोमोग्राफी (ईबीटी) द्वारा पता लगाए गए सीएडी रोगियों में एक वर्ष में धमनी का कड़ा हो जाना सामान्य होमोसिस्टीन स्तर के साथ रोगियों में 17%

की तुलना में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया के साथ रोगियों में 35% की वृद्धि हुई[6]। नायगार्ड[7] ने एंजियोग्राफी पुष्टित सीएडी रोगियों का 4 वर्ष तक फॉलोअप और यह निष्कर्ष निकाला कि हाइपर होमोसिस्टीनैमिया के रोगियों में निम्न होमोसिस्टीन स्तर के साथ रोगियों की तुलना में मृत्यु दर 6 गुना अधिक थी।

एफकैप्स / टैक्सकैप्स अध्ययन में यह सूचना मिली कि होमोसिस्टीन और एलडीएलसी दोनों के उच्च स्तर वाले रोगी सर्वाधिक जोखिम में थे। इसके अलावा ईएनएएस[8] ने बताया कि जब हाइपर होमोसिस्टीनैमिया धूम्रपान या 2 अन्य जोखिम कारकों के साथ मौजूद होता है तो सीएडी जोखिम 12 गुणा बढ़ जाता है और जब उच्च लिपोप्रोटीन के साथ मौजूद होता है तो यह जोखिम 30 गुणा बढ़ जाता है।

जसलोक अस्पताल में हमारे द्वारा किए गए अध्ययन में, होमोसिस्टीन एंजियोग्राफी पुष्टित रोगियों के 65 मामलों की जांच की गई और समवय 65 नियंत्रकों से मिलान किया गया। नियंत्रकों की तुलना में सीएडी रोगियों में होमोसिस्टीन स्तर काफी बढ़ा हुआ था। इसके अलावा सीएडी रोगियों में विटामिन बी 12 और फोलिक acid का स्तर काफी कम था[9]। इसी प्रकार कानपुर में युवा सीएडी रोगियों में किए गए एक अध्ययन में, सीएडी रोगियों में हाइपर होमोसिस्टीनैमिया के प्रसार के साथ ही माध्य होमोसिस्टीन स्तरों के नियंत्रकों की तुलना में काफी वृद्धि परिलक्षित हुई[10]।

महामारी विज्ञान सर्वेक्षण के बाद, कई कार्यकर्ता अब इस बात से सहमत हैं कि होमोसिस्टीन सीएडी के लिए एक नया जोखिम कारक है। बुशे एट अल[11] से ज्ञात हुआ कि होमोसिस्टीन स्तर में 5 माइक्रोमोल / एल की वृद्धि कुल कोलेस्ट्रॉल के स्तर में 20 एमजीएम / डीएल की वृद्धि के समान ही सीएडी के लिए सापेक्षिक जोखिम में उतनी वृद्धि करती है। वर्तमान में, होमोसिस्टीन की समय पूर्व एन्थिरोकाठिन्य या एन्थिरोकाठिन्य के पारिवारिक इतिहास वाले रोगियों में जांच की जानी चाहिए।

अध्ययनों ने सिद्ध किया है कि होमोसिस्टीन डिसलिपिडेमिक रोगियों में एन्थिरोकाठिन्य के विकास के लिए एक स्वतंत्र पूर्वाभासी सूचकांक है। कुल होमोसिस्टीन स्तर आम

जनता[12,13], मधुमेह रोगियों[14] और शायद कई वाहिका रोग के रोगियों[15] में उच्च रक्तचाप के साथ संबंधित हैं।

तंबाकू चबाने वाले या सिगरेट पीने वाले व्यक्ति फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 और बी 6 के कम स्तर के साथ कुपोषण से ग्रस्त हैं। इस प्रकार तंबाकू का प्रयोग होमोसिस्टीन स्तर को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हाइपर होमोसिस्टीनैमिया का उपचार

स्तरों पर ध्यान दिए बिना उपचार से पहले विटामिन बी 12, बी 6 और फोलेट देना शुरू किया जाना चाहिए। उपचार हृदय जटिलता के जोखिम को कम करना है। फल के अधिक मात्रा में सेवन के अलावा फोलेट की समृद्ध स्रोत सब्जियों का सेवन लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं। जैसा कि सीएडी के रोगियों के बाहु धमनी में अन्तःचूचुक निर्भर वाहिकाप्रसरण में सुधार से सिद्ध हुआ है, बी 12 और फोलेट का सेवन भी उपकला-कोशिका के कार्यों मे सुधार करता है। विटामिन बी 12, विटामिन बी 6 और फोलेट की संस्तुत खुराक क्रमशः 1 एमजीएम / दिन, 10-25 एमजीएम / दिन और 5-10 एमजीएम / दिन है।

कई कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि हाइपर होमोसिस्टीनैमिया के रोगियों में होमोसिस्टीन स्तर को कम करके 10% हृदय रोगों को रोका जा सकता है। फोलेट का आहार में अधिक मात्रा में सेवन, धूम्रपान की समाप्ति, कम कॉफी पीना और व्यायाम के द्वारा सामान्य जनसंख्या में होमोसिस्टीन स्तर में कमी लाई जा सकती है। प्रारंभिक उपचार में स्तर सामान्य होने तक विटामिन बी 12 / फोलेट/ बी 6 दिए जा सकते हैं उसके बाद विटामिन बी 12 / फोलेट जारी रखे जा सकते हैं क्योंकि उपचार की इस प्रणाली के कोई दुष्प्रभाव नहीं है और साथ ही अपेक्षाकृत कम लागत है अतः इस उपचार को जारी रखने का परामर्श दिया जाता है।

संदर्भ

1. स्पेन्स जेडी, बंग एच, चंबलेस एलई, स्टम्पफ़ेर एमजे। विटामिन इंटरवेन्षन फॉर स्ट्रोक प्रेवेन्षन ट्राइयल: आन एफिकॅसी अनॅलिसिस. स्ट्रोक 2005:36;2414-9

2. वाडिया आरएस, एडूल एनसी, भगत एस एट अल - हयपेरहोमोसयस्थेनअएमिया आंड विटामिन ब12 डिफीशियेन्सी इन इस्चायेमिक स्ट्रोक्स इन इंडिया - एम इंड. अकैड नुरॉन, 2004:7;387-92

3. मिस्रा ए, विक्रम एनसी, पांडे आरएम, द्विवेदी एम, एट अल. -हयपेरहोमोसयस्थेइनेमिया, एंड लो इनटेक्स ऑफ फॉलिक आसिड एंड विटामिन बी12 इन अर्बन नॉर्थ इंडिया. यूर जे न्युटर. 2002 एप्र;41(2):68-77

4. याज्निक सीएस, देशपांडे स्वप्ना, लुबरी हिमाँगी जीएल, एट अल - विटामिन बी12 डिफीशियेन्सी एंड हयपेरहोमोसयस्थेइनेमिया इन रूरल एंड अर्बन इंडियन्स, 2006:जपी: 54;775-782

5. चेंबर सी, कूनेर ज्स - होमोसयस्थेने आन इनोसेंट बिसटँडर इन वॅस्क्युलर डिसीज़? एऊर हार्ट ज, 2000:22:717-719

6. चेंबर सी, मैकग्रेगोर ए, जीन-मैरी जे, एट अल डेमॉन्स्ट्रेशन ऑफ रॅपिड ऑनसेट वॅस्क्युलर एंडोतेलियल डिसफंकशन आफ्टर हयपेरहोमोसयस्थेइनेमिया, सर्क्युलेशन 1999;99:1156-1160

7. न्यगर्ड ओ, नोर्द्रहौग जेके, रफ़सूम एच एट अल, प्लास्मा होमोसयस्थेने लेवेल्ज़ एंड मॉर्टॅलिटी इन पेशेंट्स वित कॉरोनरी आर्टरी डिसीज़ न एंग्ल जे मेड 1997; 337:230-237

8. एनास ए. एनास, अन्नामलाई सैंथिलकुमार, चाको विनोद, नील पुतुमना - दयसलिपिडएमिया अमॉग इंडो-एशियन्स स्ट्रॅटजीस फॉर आइडेंटिफिकेशन एंड मॅनेज्मेंट; ब्रिटिश जर्नल ऑफ डाइयबिटीस एंड वॅस्क्युलर

9. सैनानी जीएस, तलवलकर पीजी, वाडिया आरएस, केश्वाणी एए - हयपेरहोमोसयस्थेइनेमिया एंड इट्स इंप्लिकेशन्स इन अतरोस्क्लरोसिस – द इंडियन सिनॅरियो - इन अपडेट एडिटेड बाइ आर के सिंगल, 2007;27:11-20

10. पूरी ए, गुप्ता ओके, द्विवेदी आरएन, एट अल - होमोसयस्थेने एंड लाइपिड लेवेल्ज़ इन यंग पेशेंट्स वित कॉरोनरी आर्टरी डिसीज़. जे अस्सॉक फिज़ीशियन्स इंडिया. 2003 जुल;51:681-5.

11. बुशै सीजे, बेरेसफोर्ड एसए, ओमेन्न जीएस, मोतुलस्की एजी. - आ क्वांटिटेटिव असेसमेंट ऑफ प्लास्मा होमोसयस्थेने एस अ रिस्क फॅक्टर फॉर वॅस्क्युलर डिसीज़. प्रॉबेबल बेनिफिट्स ऑफ इनक्रीसिंग फॉलिक आसिड इनटेक्स. जामा. 1995 अक्टूबर 4;274(13):1049-57.

12. अरकी ए, सको वाई, फुकुशिमा वाई, माटस्यूमोटो एम, असदा टी, किटा टी - प्लास्मा सलफ्हाइड्रील-कंटेनिंग अमीनो आसिड्स इन पेशेंट्स वित सेरेब्रल इनफार्क्शन एंड इन हाइपरटेन्सिव सब्जेक्ट्स. अतरोस्क्लरोसिस. 1989:79;139-46.

13. मलिनोव एमआर, लेवेनसों जे. गिराली प एट अल - रोल ऑफ ब्लड प्रेशर : यूवरिक आसिड एंड होमोर्ऱ्होएलोगिकाल पॅरमीटर्स ऑन प्लास्मा होमोसयस्थेने कॉन्सेंट्रेशन. अतरोस्क्लरोसिस 1995:114:175-183

14. अगर्रध सीडी, अगर्ध ई, एंडर्सन ए एट अल - लैक ऑफ असोसियेशन बिट्वीन प्लास्मा हूमोसयस्थेने लेवेल्ज़ एंड माइक्रोएंजियोग्राफी इन टाइप ई डाइयबिटीस मेलाइटस. स्कंद जे क्लीन लैब. इनवेस्ट 1994;54:637-641

15. पांचरूणिटी एन, ल्यूयिस सीए, सौबेर्लिच एचई, एट अल - प्लास्मा होमोसयस्त्(ए)इने, फोलेट, एंड विटामिन बी-12 कॉन्सेंट्रेशन्स एंड रिस्क फॉर अर्ली-ऑनसेट कॉरोनरी आर्टरी डिसीज़. एम जे क्लीन न्यूटर. 1994 एप्र;59(4):940-8.

ख) जनवरी, 2015 में औरंगाबाद में चिकित्सा शिक्षा में भारतीय चिकित्सा परिषद का दृष्टिकोण (शिक्षक का परिप्रेक्ष्य)

एक सदी पहले "सर विंस्टन चर्चिल" ने कहा था कि जिसके पास भी गत 100 वर्ष के इतिहास में देखने के लिए दृष्टि है केवल वही भविष्य के 100 वर्षों में होने वाली आवश्यकताओं की परिकल्पना करने में सक्षम है। यह कथन भारतीय चिकित्सा परिषद पर बहुत सटीक है!

एक अस्सी वर्ष के वृद्ध के रूप में मुझे पिछले आधी सदी में चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा अभ्यास और अनुसंधान को विकसित होते देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और इसीलिए शायद मैं अतीत में झांकने और भारतीय चिकित्सा परिषद के भविष्य का पूर्वानुमान लगाने के लिए सर्वथा उपयुक्त हूँ।

जैसा कि हम जानते हैं कि "स्वास्थ्य" हमारे संविधान की समवर्ती सूची में एक विषय है जिसे "राज्य" और "केन्द्र" दोनों के द्वारा देखा जाएगा। इस संदर्भ में, यह दोहरी टीम की जिम्मेदारी है। इस प्रकार, एक ओर यह भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा आईएमसी अधिनियम 1936 के माध्यम से शासित है, केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा संबंधित विभागों से राज्य सरकार की महाराष्ट्र चिकित्सा परिषद्, सार्वजनिक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (अब ग्रामीण और शहरी दोनों घटकों के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन)।

<u>50 वर्ष पूर्व चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा पद्धति कैसी थी, आज कैसी है और यह कल कैसी होनी चाहिए?</u>

1) मेडिकल कालेजों का प्रशासन और एमसीआई के माध्यम से इनका शासन 50 वर्ष पूर्व बहुत अलग था। तब मुख्यतः राज्य सरकार मेडिकल कॉलेजों को विनियमित करती थी। एमसीआई की भूमिका केवल संस्तुतिपरक थी। प्रत्येक विश्वविद्यालय को पीजी सीटों के आवंटन का अधिकार सौंपा गया था। इस प्रकार, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा पद्धति, यूजी और पीजी सीटों की आवश्यक संख्या, उपलब्ध बुनियादी ढांचे के संदर्भ में

राज्य की आवश्यकताओं के बारे में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया जाता था और इसी की वास्तव में आवश्यकता है।

लेकिन परिदृश्य बदल गया है। एमसीआई अपने विनियामक अधिकार का अधिकाधिक प्रयोग करने की इच्छा रखती थी और यह कॉलेजों के निरीक्षण के साथ शुरू हुआ। सैद्धांतिक रूप से यह अच्छा लग रहा था। लेकिन व्यवहार में, इसका परिणाम कॉलेजों द्वारा "नकली" बुनियादी सुविधाओं, अधिगम सामग्री के रूप में शिक्षकों और रोगियों को दिखाना और एमसीआई द्वारा कुटिल माध्यम से इस तरह के संस्थानों को अनुमति देने के रूप में - यह आज की दुनिया की सच्चाई है । इसी के साथ पतन शुरू हुआ जो एमसीआई निकाय, अध्यक्ष या सरकार की नियंत्रण विधि में बदलाव से भी नियंत्रित नहीं किया जा सका। संक्षेप में, भारतीय चिकित्सा परिषद को सबसे पहले एक "आधिकारिक, अनिवार्य नियंत्रण" के स्थान पर एक "संस्तुतिपरक नियंत्रण" रखने की आवश्यकता है।

अक्सर चर्चा का एक मुद्दा हार्डवेयर बनाम सॉफ्टवेयर है। यह देखा गया है कि भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा एक मेडिकल कॉलेज के लिए 25 एकड़ भूमि (अब 10 एकड़) निर्धारित की गई जिसमें हर विभाग व्याख्यान कक्ष आदि के लिए विशिष्ट वर्ग फीट क्षेत्र है। यह शायद बेतुका है। छात्र हार्डवेयर अर्थात बुनियादी ढांचे से नहीं सीखते। उनके लिए सॉफ्टवेयर अर्थात 'शिक्षक' जरूरी है। तो, एमसीआई के लिए एक महत्वपूर्ण घटक अब उन मानदंडों का विकास करना है जो एक शिक्षक को अच्छा बनाएंगे जिसके परिणामस्वरूप स्वचालित रूप से एक अच्छे डॉक्टर का उत्पादन होता है। इस प्रकार, "शासन घाटा सुधार" एमसीआई की दृष्टि में एक प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए एमसीआई निकाय का सही चयन आवश्यक है। बदले में निकाय को राज्य और विश्वविद्यालय को कर्तव्य और उत्तरदायित्व आवंटित करने चाहिए।

<u>पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम:</u>

एमसीआई को अंतरराष्ट्रीय डिजाइन के साथ समामेलित वर्तमान राष्ट्रीय जरूरतों के साथ पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम के उचित डिजाइन पर अधिकाधिक ध्यान देना चाहिए। इस प्रकार, अधिक बल कौशल आधारित शिक्षा, योग्यता विकास, और संचार कौशल पर दिया

जाना चाहिए। इसे एमसीआई द्वारा सभी राज्यों के चिकित्सा शिक्षकों, अभ्यासरत डॉक्टरों, चिकित्सा शिक्षाविद् और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से एक ऑनलाइन माँग के माध्यम से तैयार करना चाहिए जिससे छात्रों को सभी आवश्यक कौशलों में निष्णात किया जा सके।

<u>परीक्षा:</u>

हालांकि विश्वविद्यालय परीक्षा आयोजित करने की विधि निर्धारित करते हैं परंतु भारतीय चिकित्सा परिषद मानक निर्धारित कर सकता है, नई प्रौद्योगिकियों को अपना सकता है। अतः अस्पताल के वार्ड और रोगियों का दौरा किए बिना केवल किताबों और अध्ययन सामग्री के साथ बैठे छात्रों वाला वर्तमान 'तरीका' व्यर्थ है। संपूर्ण देश में अभ्यास करने के लिए लाइसेंस को केवल एक्ज़िट परीक्षा द्वारा विनियमित किया जा सकता है।

जानकारी बनाम ज्ञान - यह कहा जाता है कि 'प्रो गूगल (!) आपको जानकारी दे सकते हैं, लेकिन केवल एक अच्छा शिक्षक ही आपको ज्ञान दे सकता है'। इस प्रकार, हम ऐसे डाक्टर चाहते हैं जो बुद्धिमान हों ना कि अन्यथा! खोज और अनुसंधान करने की क्षमता ऐसी प्रणाली में समावेशित हो जाती है।

इस प्रकार, संक्षेप में, भारतीय चिकित्सा परिषद का दृष्टिकोण राज्य चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास पर विकेन्द्रीकृत नियंत्रण के साथ एक संस्तुतिपरक निकाय का होना चाहिए।

आज की एमसीआई ने एमसीआई और मेडिकल कालेजों, एमसीआई और चिकित्सा अभ्यास, एमसीआई और रोगी देखभाल, अनुसंधान, दृष्टिकोण के बीच कई दीवारों का निर्माण किया है। अगले 25 वर्षों के लिए हमें दीवारों नहीं बल्कि पुलों की आवश्यकता है!!

ग) 2015 में विटामिन डी और मधुमेह

परिचय

मधुमेह एक वैश्विक समस्या बन गया है। 2030 तक मधुमेह रोगियों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो जाने की संभावना है। (विश्व भर में वर्तमान में 171,000,000 से यह 366,000,000 हो जाएगी)।[1,2]

विटामिन डी हड्डियों, गुर्दे और आंत पर अपने कार्यों से कैल्शियम और फॉस्फेट चयापचय के साथ जुड़े एक आवश्यक पोषक तत्व के रूप में माना जाता है। हाल ही में, यह दिखाया गया है कि विटामिन डी प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, सीवीएस, कैंसर के रूप में कई अन्य शारीरिक रोगों से संबंधित है।[3,4] यह जानना दिलचस्प है कि मानव जीनोम का 3% तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विटामिन डी द्वारा नियंत्रित है।[5]

भारत में, विटामिन डी की 80% भारतीयों में कमी पाई गई है। यह काली त्वचा, अपर्याप्त सूर्य रोशनी, शाकाहार, विटामिन डी संपूरक आहार की कमी, कुछ महिलाओं में बुर्का या पर्दा पहनने जैसी सांस्कृतिक आदतों के कारण हो सकता है।

विटामिन डी के स्त्रोत

क) सूर्य के प्रकाश का संपर्क

ख। सामन, मैकेरल, सार्डिन मछली समृद्ध स्रोत है। अंडे की जर्दी और विटामिन डी 3 संपूरक खाद्य पदार्थ जैसे दूध, संतरे का रस, रोटी और कुछ देशों में अनाज के रूप में

मधुमेह की रोकथाम में विटामिन डी की भूमिका

महिला स्वास्थ्य अध्ययन में हाल के अध्ययनों से उपापचयी सिंड्रोम में विटामिन डी और कैल्शियम हेमोस्टेटिस की भूमिका का पता चला है। विटामिन डी के निम्न स्तर इंसुलिन प्रतिरोध में योगदान देते हैं। कैल्शियम की कमी से इंसुलिन का स्राव बाधित होता है और इस प्रकार मधुमेह के मामलों में वृद्धि करता है। कैल्शियम के साथ विटामिन डी इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता और इंसुलिन के स्राव में वृद्धि करता है। विटामिन डी के साथ साथ कैल्शियम पूरक से बीटा कोशिका के कार्य में सुधार की संभावना है। डब्ल्यूएचओ और अन्य सदस्य देशों के पुराने रोगों और विशेष रूप से

मधुमेह की रोकथाम के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया है। आईडीएफ ने भी दिशा निर्देश दिए हैं।

डब्ल्यूएचओ और आईडीएफ के दिशानिर्देशों के अनुसार, समुदाय के स्तर पर मधुमेह की रोकथाम के लिए निम्नलिखित रणनीति का सुझाव दिया गया है।

मधुमेह विकसित होने के अधिक जोखिम वाले लोगों की पहचान जिनके लक्षण हैं

1. उच्च बीएमआई
2. खराब ग्लूकोज सहनशीलता रखने वाले व्यक्ति (आईजीटी) ख़राब उपवास ग्लूकोज (आईएफजी)
3. 6 और 6.4 के बीच एचबीएवनसी की मात्रा उच्च जोखिम माना जाता है
4. लिंग (स्त्री > पुरूष)
5. मधुमेह का पारिवारिक इतिहास
6. कमर परिधि (पुरुषों में > 90 सेमी और महिलाओं में > 80 सेमी)
7. डीस्लिपडीमिया (निम्न एचडीएल और उच्च टीजी)

विटामिन डी और मधुमेह का प्रबंधन

यह लंबे समय से माना जाता था कि विटामिन डी मधुमेह प्रबंधन या शायद रोकथाम में भी सहायक होता है लेकिन 2012 के निम्नलिखित अध्ययन ने इस धारणा की पुष्टि कर दी है। 2,000 व्यक्तियों वाले इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने उन व्यक्तियों के सीरम को देखा जिनमें टाइप 1 मधुमेह विकसित हुआ है और उसकी इसके बिना वाले व्यक्तियों से तुलना की और यह देखा कि जिन लोगों में विटामिन डी का स्तर कम होता है उनमें टाइप 1 मधुमेह होने की अधिक संभावना होती है। इस अध्ययन से एक और दिलचस्प बात के बारे में पता चलता है कि 50 एनजी / एमएल के विटामिन डी के स्तर वाले लोगों में टाइप 1 मधुमेह विकसित होने का कोई जोखिम नहीं होता।

मोटापा और मधुमेह के प्रबंधन में आहार, व्यायाम और जीवन शैली परिवर्तन की भूमिका अच्छी तरह से स्थापित है, लेकिन इस अध्ययन में आहार और गतिविधि स्तर

में प्रारंभिक परिवर्तन के अलावा किसी अतिरिक्त जीवन शैली परिवर्तन न होने के बावजूद ग्लूकोज प्रबंधन में विटामिन डी के स्तर में सुधार के साथ रैखिक सुधार जारी रहता है। यह संभव है कि जीवन शैली में परिवर्तन ने उनके शरीर को स्वस्थ बनने में मदद की है, लेकिन यह भी प्रतीत होता है कि विटामिन डी के अच्छे स्तर से उनके शरीर को शर्करा प्रबंधन में और भी अधिक कुशल बनने में सहायता की है।

ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों में अधिकांश व्यक्ति घर, कार्यालय या कार में अधिक समय बिताना, सर्दियों में छोटे दिनों, गर्मियों में सनस्क्रीन इस्तेमाल करना, और त्वचा कैंसर की आशंका सहित कई कारणों से सूर्य की रोशनी कम लेते हैं जिसके कारण वे विटामिन डी की कमी से ग्रस्त हैं और कई टाइप 2 मधुमेह के रोगी हैं।

माना जाता है कि विटामिन डी रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने के लिए जिम्मेदार हार्मोन इंसुलिन की शरीर में संवेदनशीलता में सुधार करता है और इस तरह टाइप 2 मधुमेह के प्रमुख कारक इंसुलिन प्रतिरोध के जोखिम को कम करता है।

